Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 160 जयपुर, शुक्रवार, 22 नवम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ₹1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

अमेरिका में गौतम अडाणी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

रिश्वत-धोखाधड़ी का आरोप, केन्या ने उनके साथ बिजली-एयरपोर्ट डील रद्द की

संजीवनी टुडे

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के लिए गुरुवार का दिन तीन बुरी खबरें लाया। अमेरिका में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए उन पर रिश्वत देने और धोखाधड़ी के आरोप लगे। न्यूयॉर्क की फ़ेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। गौतम अडाणी और सागर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है। इस खबर के आने के बाद उनकी नेटवर्थ में 1.02 लाख करोड़ रुपए की कमी आई। उधर, केन्या ने अडाणी ग्रुप के साथ बिजली ट्रांसमिशन और एयरपोर्ट विस्तार की डील रद्द कर दी। दोनों डील 21,422 करोड़ रुपए की थीं। गुरुवार को अडाणी ग्रुप के 10 में से 9 शेयरों में गिरावट आई। शुक्रवार को भी अडाणी ग्रुप के शेयर गिरने की आशंका जताई जा रही है। अमेरिका का आरोप- भारतीय अफसरों को 2200 करोड़ रिश्वत की पेशकश की अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है।

अमेरिकी निवेशकों का पैसा, इसलिए वहां केस

अडाणी पर आरोप है कि रिश्वत के इन पैसों को जुटाने के लिए उन्होंने अमेरिकी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला। अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ, क्योंकि प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है। अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है। एक बयान में ग्रुप ने कहा - 'अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के डायरेक्टर्स के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। हम उनका खंडन करते हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने खुद ही कहा कि अभी ये सिर्फ आरोप हैं। आरोपियों को तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक कि वे दोषी साबित न हो जाएं। अडाणी ग्रुप ने बुधवार को ही 20 इयर ग्रीन बॉन्ड की बिक्री से 600 मिलियन डॉलर (5064 करोड़ रुपए) जुटाने की घोषणा की थी। इसके कुछ घंटों बाद उन पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए।

अडाणी बोले- सभी आरोप आधारहीन, खंडन करते हैं

अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है। ग्रुप ने कहा - 'अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के डायरेक्टर्स के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। हम उनका खंडन करते हैं। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने हमारे बोर्ड मेंबर्स गौतम अडाणी और सागर अडाणी के खिलाफ न्यूयॉर्क डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में क्रिमिनल केस किया है ।24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फ़ेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। बुधवार को इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि गौतम या सागर अडाणी अमेरिकी अदालत में पेश होंगे या नहीं, क्योंकि वे कोर्ट में पेश हुए बिना अपने ऊपर लगे अभियोग खारिज करवाने का प्रयास कर सकते हैं। ब्रुकलिन में अमेरिकी अटॉर्नी ब्रियोन पीस के प्रवक्ता ने कहा कि गौतम अडाणी किस देश में रहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। अभी तक कोई भी आरोपी हिरासत में नहीं लिया गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव- आप की पहली लिस्ट जारी

11 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान, भाजपा-कांग्रेस से आए 6 नेताओं को टिकट

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में 11 नाम हैं। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो भाजपा या कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा ने हाल ही में भाजपा छोड़ी थी। वहीं जुबैर चौधरी, वीर सिंह धींगान और सुमेश शौकीन कांग्रेस से आप में आए हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। इलेक्शन कमीशन मौजूदा सदन के पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने की तारीख से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ 8 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 13 सितंबर को तिहाड़ जेल से बाहर आकर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया था। शराब नीति केस में क्क ने केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। बाद में 26 जून को एउक्र ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था। केजरीवाल ने

करीब 156 दिन जेल में बिताए। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ 2 जांच एजेंसी ने केस दर्ज किया है। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर को सीबीआई केस में जमानत दी थी। वहीं, ईडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिल गई थी। जेल से बाहर आकर सीएम पद से इस्तीफा जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर शाम को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद रहे थे। इसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। इस बीच, दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र भी बुलाया था। सत्ता परिवर्तन पर भाजपा ने कहा कि मेकओवर से आप के दाग नहीं छिपेंगे।

देश की सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग

पहाड़ से लेकर पानी तक में काम करेंगे, 10 किमी दूर से ऑपरेट किए जा सकते हैं

संजीवनी टुडे

जैसलमेर। देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किमी दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया है। इस रोबोटिक डॉग की डिजाइन ऐसी है कि ये रेगिस्तान, बर्फ, ऊबड़-खाबड़ जमीन, पहाड़ी इलाकों में भी आसानी से काम करेगा। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।छोटी दूरी के लिए, वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी/एलटीई का उपयोग 10 किमी तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा। रोबोटिक डॉग्स

सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छुपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी। सैन्य सूत्रों के अनुसार, सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। यह अभ्यास 7 दिन तक किया गया। इसमें करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था।

थर्मल कैमरों और रडार से लैस

रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग 1 मीटर से 10 किमी की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली में सरकार के बीकानेर हाउस की होगी कुर्की

नोखा नगरपालिका ने ठेकेदार को नहीं दिए थे रुपए, कोर्ट का प्रॉपर्टी अटैच करने का आदेश

संजीवनी टुडे

जयपुर। दिल्ली में इंडिया गेट के पास स्थित बीकानेर हाउस पर गुरुवार को कुर्की का नोटिस चिपकाया गया। कुर्की के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार कॉमर्शियल कोर्ट में रिकॉल एप्लिकेशन दायर करेगी। अगर सरकार को वहां से राहत नहीं मिलती है तो सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की तैयारी भी कर ली है। दरअसल, दिल्ली की कॉमर्शियल कोर्ट-2 ने बीकानेर हाउस को अटैच करके उसे कुर्क करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने प्रदेश की नोखा नगर पालिका द्वारा मैसर्स एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड को 50.31 लाख रुपए की मध्यस्थता राशि का भुगतान नहीं करने पर यह आदेश दिया। क्योंकि नोखा नगरपालिका राजस्थान सरकार के अधीन आती है। ऐसे में कोर्ट ने दिल्ली में स्थित राजस्थान सरकार की बीकानेर हाउस प्रॉपर्टी को अटैच करने का आदेश जारी कर दिया। उन्होंने कहा- हम पहले कॉमर्शियल कोर्ट में रिकॉल एप्लिकेशन दायर करके सरकार का पक्ष सुनने का आग्रह करेंगे। इस मामले में जिन अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई है। उनकी जवाबदेही सुरक्षित करने के लिए भी सरकार मामले की जांच करवाएगी।

सितंबर में दिया था कुर्की आदेश

दिल्ली में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया- कॉमर्शियल कोर्ट ने बिना सरकार का पक्ष सुने सितंबर में एकतरफा कुर्की आदेश जारी किया था। आदेश की जानकारी सामने आने के बाद सरकार ने तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, बीकानेर हाउस दिल्ली में राजस्थान सरकार की ऐतिहासिक इमारत है। इस बिल्डिंग में सीएम भजनलाल शर्मा का भी कार्यालय है। इसके अलावा यहां हाईकोर्ट, पर्यटन, राजस्थान फाउंडेशन, आरएसआरटीसी सहित कई विभागों के कार्यालय संचालित हैं। बीकानेर हाउस का निर्माण बीकानेर रियासत के महाराजा गंगा सिंह के शासनकाल के दौरान हुआ था। बीकानेर हाउस की स्थापत्य शैली मुख्य रूप से पश्चिमी राजस्थान की है। शाही निवास के रूप में उपयोग में होने पर इसके ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन सुइट्स, निजी कमरे और अतिथि कमरे थे, जबकि महिलाओं के क्वार्टर, पहली मंजिल पर थे। 1947 में भारतीय स्वतंत्रता के समय, बीकानेर हाउस भारतीय शाही परिवारों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों का स्थान था, जहां वो अपने भविष्य पर विचार-विमर्श करते थे। इसे 18 नवंबर 2015 को जनता के लिए खोल दिया गया। अब यह राजस्थान सरकार द्वारा संचालित एक विश्व स्तरीय सांस्कृतिक केंद्र है।

शिक्षक की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

शिक्षा विभाग ने कहा था-अंग्रेजी विद्यालय में शिक्षक अंग्रेजी में गणित नहीं पढ़ाता है

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने गणित विषय के द्वितीय श्रेणी शिक्षक की ओर से अध्यापन के दौरान लापरवाही बरतने पर उसकी वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख माध्यमिक शिक्षा सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा और डीईओ, जयपुर डिवीजन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश पुष्कर सैनी की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में बताया कि याचिकाकर्ता वर्तमान में राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक अंग्रेजी विद्यालय, सांभर लेक में गणित विषय के द्वितीय श्रेणी शिक्षक पद पर कार्यरत है। विभाग ने दिसंबर, 2021 में उसे आरोप पत्र जारी किया और अगस्त, 2023 में उसकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी आधार पर रोक ली। इसके खिलाफ उसने शिक्षा निदेशक के समक्ष अपील पेश की। जिसे शिक्षा निदेशक ने गत 26 जुलाई को खारिज करते हुए कहा कि वह विद्यार्थियों को अध्यापन के दौरान वह अंग्रेजी भाषा नहीं बोलता है। दोनों आदेशों को चुनौती देते हुए कहा गया कि उसने संपूर्ण पढाई हिंदी भाषा में की है। इसके अलावा वह नियुक्ति वर्ष 2015 से वर्ष 2023 तक हर साल सौ फीसदी परीक्षा परिणाम देता है। यह स्कूल पहले हिंदी माध्यम ही थी, जिसे बाद में अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया गया है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

राहुल बोले- पीएम मोदी अडाणी को बचा रहे

2000 करोड़ का घोटाला करके भी बाहर, भाजपा का जवाब- मां-बेटे खुद जमानत पर हैं

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। भाजपा ने गुरुवार को कहा अडाणी ग्रुप के खिलाफ अमेरिकी केस में नामित चारों राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तमिलनाडु में उसकी सहयोगी पार्टी की सरकार थी। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने 2019 में राफ़ेल मुद्दा उठाया था, लेकिन बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, गुरवार को ही राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडाणी पर लगे करप्शन के आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था कि अडाणी जी 2 हजार करोड़ रुपए का स्कैम कर रहे हैं और बाहर घूम रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी उन्हें प्रोटेक्ट कर रहे हैं। गौतम अडाणी ने अमेरिका में क्राइम किया है, लेकिन भारत में उन पर कुछ नहीं हो रहा है। अडाणी की प्रोटेक्टर ट्टक्उक्र की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए। न्यूयॉर्क की फ़ेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे हैं।

जेपीसी बनाने की मांग

राहुल ने कहा- विपक्ष के नेता के तौर पर मैं यह मुद्दा उठा रहा हूं। अडाणी, बीजेपी को पूरा सपोर्ट करते हैं। हमारी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) बनाने की मांग है। अडाणी ने देश को हाईजैक किया: अडाणी का कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि पीएम मोदी उनके दबाव में हैं। अगर मोदी ने ऐसा किया तो वे (मोदी) भी जाएंगे। अडाणी ने देश को हाईजैक कर लिया है।अमेरिका की एफबीआई ने जांच की है। मैं पहले से कह रहा हूं कि अडाणी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। मैंने दो-तीन बार पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि जांच होनी चाहिए। जब तक अडाणी गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक बात नहीं बनेगी। अडाणी जी बीजेपी को फंडिंग करते हैं।आरोप है कि ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर राज्य में बिजली कंपनियों के साथ कॉन्ट्रैक्ट करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। आपने कहा कि हम बहुत दिनों से अडाणी का मुद्दा उठा रहे हैं और कुछ हो नहीं रहा। अब मोदी जी की क्रेडिबिलिटी खत्म हो चुकी है। हम धीरे-धीरे देश को पूरा नेटवर्क दिखा देंगे। माधबी बुच ने अपना काम नहीं किया। हिंदुस्तान का हर रिटेल इंवेस्टर जानता है कि सेबी प्रमुख माधबी बुच ने भ्रष्टाचार किया। अडाणी का अमेरिका में अभी जो मामला सामने आया है, वो सिर्फ बानगी है। बांग्लादेश, श्रीलंका, केन्या के मामले हैं। मोदी जी जहां जाते हैं, अडाणी जी को बिजनेस दिलवाते हैं। धीरे-धीरे ये सब सामने आएगा। अमेरिका का मामला अडाणी ग्रीन एनर्जी से जुड़ा अमेरिकी कोर्ट में गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को यह मामला एसटी कोर्ट में दर्ज किया गया।

शराब नीति केस- दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

केजरीवाल की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे नहीं दिया

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया। इसमें जांच एजेंसी से उसका पक्ष रखने को कहा गया। केजरीवाल ने बुधवार (20 नवंबर) को याचिका लगाकर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाने की मांग की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने अभी स्टे पर फैसला नहीं दिया है। केजरीवाल की दलील है कि निचली अदालत ने बिना किसी पूर्व मंजूरी के अपराध का संज्ञान लेने में गलती की है। ऐसे मामलों में सीआरपीसी की धारा 197 (1) के तहत राज्यपाल की पूर्व मंजूरी लेना आवश्यक होता है, क्योंकि उस वक्त वह (केजरीवाल) सीएम पद पर थे। केजरीवाल फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ 2 जांच एजेंसी (क्कऔर एउक्र) ने केस दर्ज किया है। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर को सीबीआई केस में जमानत दी थी। वहीं, ईडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिल गई थी। शराब नीति केस में ईडी ने उन्हें 21 मार्च को अरेस्ट किया था। बाद में 26 जून को सीबीआई ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था। शराब नीति केस- केजरीवाल 156 दिन जेल में बिता चुके केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई के वक्त उन्हें जेल गए कुल 177 दिन हो गए थे। इनमें से वे 21 दिन अंतरिम जमानत पर रहे। यानी केजरीवाल ने अब तक कुल 156 दिन जेल में बिताए हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने दो महीने पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में अपनी पांचवी और आखिरी चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने और उसे लागू करने की आपराधिक साजिश में शुरू से शामिल थे।

एमपी-राजस्थान सहित 4 राज्यों में घना कोहरा

जयपुर में दिन में भी धुंध, दो दिन स्कूल बंद, कश्मीर के शोपियां में तापमान माइनस 3.9*

संजीवनी टुडे

भोपाल/जयपुर। राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत देश के 4 राज्यों के कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। जयपुर में दिन में भी धुंध नजर आई। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 23 नवंबर तक छुट्टी कर दी गई है। मध्यप्रदेश में भोपाल-इंदौर समेत 28 शहरों में टेम्प्रेचर सामान्य से नीचे आ गया। उत्तर भारत के राज्यों दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ में प्रदूषण बढ़ गया है। पंजाब के 5 जिले ऐसे हैं जहां प्रदूषण का स्तर सामान्य से 4 गुना ज्यादा है। दिल्ली और हरियाणा के कई स्कूलों को ऑनलाइन कर दिया गया है। उधर पहाड़ों में बर्फबारी नहीं होने के बावजूद श्रीनगर में तापमान 0.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। शोपियां देश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं अनंतनाग में माइनस 3.5 डिग्री, पुलवामा में माइनस 3.4 डिग्री पहुंचा। दक्षिण भारत के राज्यों में ठंड का असर उत्तर भारत के राज्यों से कम है। मौसम विभाग ने यहां बारिश का अलर्ट जारी किया है।

भोपाल-इंदौर समेत 28 शहरों में सामान्य से नीचे टेम्प्रेचर

उत्तरी हवाओं के असर से मध्यप्रदेश में सर्दी बढ़ गई है। कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर 15 डिग्री के नीचे आ गया है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन समेत 28 शहरों में पारा सामान्य से नीचे है। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिन और बना रहेगा। गुरुवार सुबह ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग के कई जिलों में कोहरा रहा। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल के अलावा गुरुवार को असम और मेघालय में बारिश का अनुमान है। गुरुग्राम में कोहरे और प्रदूषण के चलते हवा जहरीली हो गई। साइकिल चलाते समय मॉस्क पहनना पड़ा। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर वॉक करने वालों को मॉस्क पहनना पड़ रहा है। दिल्ली में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। राजस्थान में उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से तेज हुई सर्दी के साथ धुंध बढ़ गई है। दिल्ली-गएट और उत्तरी राजस्थान शहरों में धुंध बढ़ने से एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) भी खराब स्थिति में पहुंच गया। जयपुर, भिवाड़ी, सीकर, गंगानगर रेड जोन में आ गए हैं। कल (20 नवंबर) यहां का एक्यूआई लेवल 300 के पार दर्ज हुआ।

खबरें फटाफट

साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में आत्मरक्षा विषय पर दिया प्रशिक्षण

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ । गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में महिला प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य महिला नीति 2021 की अनुपालना में चल रहे साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस के इन्डोर सत्र में प्रशिक्षक आशा सुमन द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श विषय पर व्याख्यान दिया गया। आउटडोर सत्र के अन्तर्गत राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित आशा सुमन द्वारा छात्राओं को पंच/मुक्के के प्रहार के गुर सिखाए गये और अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. रजनी मीना, डॉ. आँचल मीना, रचना जैन एवं बबीता जोशी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 42 प्रकरण, विजिलेंस के 12 मामलों पर चर्चा

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। जिला कलेक्ट्रेट के डीओआईटी वीसी कक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जहां जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनकर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। शिविर में प्रस्तुत समस्याओं पर सीईओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभिन्न विभागों की ओर से समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में कुल 42 प्रकरण सामने आए तो वही जिला सतर्कता समिति के 12 प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। जनसुनवाई में राजस्थान संपर्क पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त लंबित परिवादों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही, संभावित प्रकरणों को पहले से चिन्हित कर संबंधित परिवादियों को शिविर में आमंत्रित किया गया था। एकाधिक विभागों के समन्वय से समाधान हेतु चिन्हित प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिला प्रशासन ने इस जनसुनवाई को आमजन से संवाद और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

23 नवम्बर को मतगणना को लेकर जिले में निषेधाज्ञा जारी

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत मतगणना 23 नवम्बर को होने जा रही है। मतगणना के दौरान एवं मतगणना के पश्चात डूंगरपुर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना नितान्त आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना दिवस को एवं उसके बाद किसी प्रकार अविधिक रूप से एकत्र नहीं होंगे तथा आदेश की अवधि तक किसी भी प्रकार की आम सभा नहीं करेंगे। असाधारण परिस्थिति में संबंधित उपखण्ड के उपखण्ड मजिस्ट्रेट को इस आदेश में छूट प्राप्त करने के लिए अनुमति प्राप्त की जाए। जिले में 23 नवम्बर को मतगणना के दौरान व मतगणना के पश्चात किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, उनके कार्यकर्ताओं, समर्थक एवं सहयोगियों द्वारा समस्त प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे एवं पटाखों, आतिशबाजी का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

प्रकोष्ठों के प्रभारी-सह प्रभारी अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार को विधानसभा उपचुनाव के तहत गठित प्रकोष्ठों के प्रभारी-सहप्रभारी अधिकारियों की बैठक ली। ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में 23 नवम्बर को होने वाली मतगणना से पूर्व, मतगणना के दौरान और मतगणना के बाद किए जाने वाले कार्यों, व्यवस्थाओं और मानक संचालन प्रक्रिया को लेकर चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक सभी ने अच्छा काम किया है और अब उपचुनाव के निर्णायक पड़ाव पर पहुंच गए हैं। सभी प्रकोष्ठ आपस में समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना करते हुए परिणाम बिना किसी त्रुटि के समय पर घोषित किए जाएं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़ सहित सभ प्रकोष्ठों के प्रभारी और सह-प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। मतगणना स्थल श्री भोगीलाल पण्ड्या में निर्धारित परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

एक करोड़ से अधिक पॉलिथीन हमेशा के लिए बोतलों में हुई बंद, अब इन बोतलों से तैयार करेंगे कलाकृतियाँ

सीईओ बैरवा ने सुझाया तरीकाः एक बोतल में बंद होती है अनेकों पॉलिथीन, प्रेरणा पाकर अब जिलेभर में जुटे लोग, प्लास्टिक से मुक्ति की ओर राजसमंद

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। गौमाता को पॉलिथीन के दंश से बचाने के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक से मुक्ति को लेकर मिशन मोड पर अभियान जारी है। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत हाल ही में पॉलिथीन को हमेशा के लिए गायब करने और इसके नुकसान से गौमाता को बचाने के लिए इन्हें प्लास्टिक की बोतलों में बंद करने का तरीका बताया गया था। उन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से इस बात का प्रचार-प्रसार किया कि एक प्लास्टिक की बोतल में अनेकों पॉलिथीन की थैलियां बंद की जा सकती है, ऐसे में पॉलिथीन को इधर-उधर फेंकने के जरूरत नहीं है, क्योंकि यही पॉलिथीन गौमाता के पेट में जाकर जानलेवा भी साबित होती है। उन्होंने ऐसे कई प्रशिक्षण वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा किए जिससे यह तरीका आम लोगों तक पहुंचा। साथ ही सभी पंचायतों ने भी अभियान में भागीदारी निभाई। उनके इस आह्वान पर पूरे जिले में पॉलिथीन को प्लास्टिक की बोतलों में हमेशा के लिए पैक कर देने का अभियान मिशन मोड पर शुरू हुआ। एसबीएम (ग्रामीण) के समन्वयक नानालाल सालवी ने बताया कि अब तक इस अभियान के तहत डेढ़ लाख से अधिक प्लास्टिक की बोतलों में लगभग 1 करोड़ से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियाँ हमेशा के लिए बंद की जा चुकी है। इन बोतलों से अब 'वेस्ट टू आर्ट' (कलाकृतियों) का निर्माण किया जा रहा है इन्हें भविष्य में आमजन के सम्मुख प्रदर्शित किया जाएगा।

जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा के निर्देशन में अभियान के तहत गुरुवार को समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें प्लास्टिक बोतलों में सिंगल यूज

प्लास्टिक की थैलियां इकट्ठा की गई एवं प्रतिदिन इसी तरह घरों में आने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक के निस्तारण के लिये ऐसा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया साथ ही वर्षो से बेतरती पडे लिगेसी वेस्ट को भी हटाया जाकर गंदगी वाले स्थानों की सफाई करवाई गई। साथ ही 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' और 'शौचालय सवारे जीवन निहारें' अभियान के तहत इस सप्ताह समस्त सामुदायिक शौचालयों की सफाई करवाई जाकर बंद पडे अथवा अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील बनाया जा रहा है। ऐसे सामुदायिक शौचालय जिनके ताले लगे हुए है अभियान के दौरान आमजन के उपयोग हेतु ताले खुलवाए जा रहे है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृज मोहन बैरवा द्वारा जिले में नवाचार के रूप में 4 पी अवधारणा प्लास्टिक, पेड, पानी, पर्यावरण पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय अभियान चलाकर आमजनों को प्लास्टिक, पेड, पानी, पर्यावरण के लिए जागरूक किया गया। खमनोर ब्लॉक में वेस्ट टु आर्ट के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक बोतल से पेड़ के चबूतरे, ट्री गार्ड आदि बनाये गये। जिसे राज्य स्तर पर भी सराहा गया, इस वेस्ट टु आर्ट की अवधारणा को सीईओ बृज मोहन बैरवा ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में कम से कम वेस्ट टु आर्ट गतिविधी करवाये जाने के निर्देश प्रदान किये, जिससे जिले में सभी पंचायतों अब वेस्ट टु आर्ट के तहत कार्य कर रही है। अनुपयोगी सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों से भरी बोतलों से पंचायत समिति खमनोर में जिले का पहला सेनिटेशन पार्क बनाया जा रहा है। जिससे आमजन इससे प्रेरित होंगे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बेहतर उपयोग करना सीखेंगे एवं पंचायतों मे इधर-उधर बिखरने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक में कमी आयेगी व यह अभियान गौ माता की रक्षा के लिए अवश्य ही बेहतर साबित भी होगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण परियोजना के जिला समन्वयक नानालाल सालवी ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजसमंद बृजमोहन बैरवा सर जिले में 4 पी की अवधारणा पर प्राथमिकता से कार्य कर रहे है एवं स्वयं सोसल मिडिया पर शोर्ट विडियो क्लिप के जरिये जिले के आमजन को प्लास्टिक मुक्त जिला बनाने के लिये प्रेरित कर रहे है जिससे आमजन ने भी इस अभियान से जुड़कर करोड़ो पॉलिथिन की थेलियों को सिंगल यूज प्लास्टिक बोतलो मे इकट्टा करने में सहयोग किया है।

पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने एवं टोंक में कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ हुई मारपीट के आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

पत्रकार संगठनों ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

बिजयनगर। प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने तथा टोंक में कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ हुई मारपीट के आरोपियों पर सख्त कार्यवाहीं की मांग को लेकर गुरुवार को बिजयनगर पत्रकार संगठनों ने सीएम के नाम बिजयनगर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। विजयनगर तहसीलदार रामकिशोर को सीएम के नाम दिए गए ज्ञापन में संगठन पदाधिकारियों बताया कि विधानसभा उपचुनाव के दौरान टोंक जिला क्षेत्र के अलीगढ़ गांव में पीटीआई रिपोर्टर अजीतसिंह शेखावत एवं कैमरामैन धर्मेन्द्र कुछ लोगों की ओर से सड़क पर अवरोध लगा कर विरोध प्रदर्शन करने का समाचार कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान राजस्थान सरकार के मंत्री एवं बीजेपी नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी वहां लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान आक्रामक भीड़ में से कुछ लोगों ने मंत्री मीणा की मौजूदगी में रिपोर्टर शेखावत एवं कैमरामैन धर्मेन्द्र को घेर लिया तथा दोनो पर जानलेवा हमला कर मारपीट की तथा उनके कैमरे और माइक को तोड़ दिया। मारपीट के कारण दोनो पत्रकारों को गंभीर चोटे आई है। उक्त घटना से प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा है एवं पत्रकारों के लिए बेहद चिंताजनक है। ज्ञापन में

बताया गया कि सरकार के निर्देश पर पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर राज्य के गृह विभाग ने भी पुलिस के आला अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी कर रखे है। बावजूद इसके पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर न तो सरकार गंभीर नजर आ रही है न ही प्रशासन एवं पुलिस विभाग। उक्त घटना से प्रदेश के समुचे पत्रकार जगत में गहरा रोष है। ज्ञापन में अलीगढ़ में घटित घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाकर उनकी गिरफ्तारी की करवाई जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति नही हो इसके लिए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। जिससे पत्रकार निष्पक्ष, निर्भय एवं स्वतंत्रता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह कर सके। ज्ञापन देने वालों में जिला पत्रकार संघ के जिला उपाध्यक्ष रामलाल नंगवाडा, जिला, महामंत्री हनुमंत पीपाड़ा, संगठन मंत्री अनिल जांगिड, प्रवक्ता अशोक बाबेल, रीजनल प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम हेमनानी, बिजयनगर प्रेसक्लब अध्यक्ष प्रेमचंद पीपाड़ा व ब्यावर पत्रकार संध अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा व पदाधिकारी सीपी तिवाड़ी, सतीश लुणावत, कैलाश व्यास, महावीर प्रसाद, राजू सैन आदि शामिल रहे।

बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

राजसमन्द। सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं श्रीमान् राघवेन्द्र काछवाल, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), राजसमन्द के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद एवं जतन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद के कार्यालय में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन कर खमनोर ब्लॉक में अध्ययनरत किशोरियों को न्यायालय का दौरा करवा कर विधिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्रीमान् राघवेन्द्र काछवाल, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), राजसमन्द द्वारा किशोरियों को न्यायालय की प्रक्रिया से अवगत करवाकर विभिन्न कानूनों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। श्रीमान् संतोष अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष साप्ताहिक अभियान चलाया गया जिसमें अधिकाधिक आमजन तक बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान कर जागरूकता फैलाई गई। विशेष जागरूकता शिविर में ऋतु शर्मा, असिस्टेंट, एलएडीसी द्वारा बाल विवाह

निषेध अधिनियम 2006 से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी देकर किशोरियों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक श्री हेमन्त पालीवाल द्वारा लोक अदालत, मध्यस्थता कानून, निःशुल्क विधिक सहायता, पॉश एक्ट, वृद्धजनों हेतु कानूनी अधिकार, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर, नालसा पोर्टल हेल्पलाईन नम्बर आदि जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर किशोरी-समूह को सम्पूर्ण न्यायालय कक्षों का दौरा करवाकर न्यायिक प्रक्रिया के अवगत करवाया गया। शिविर के दौरान प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक गौरव पुरोहित, क.स.प्रिंस गोदारा, क.स. सचिन व्यास, क.स. राधेश्याम राजपुरोहित एवं जतन संस्थान से पूजा सुथार उपस्थित रहें।

दो शिक्षकों को नियम विरुद्ध अधिशेष किया, अन्य स्कूल में पदस्थापन करने पर अधिकरण ने लगाई रोक

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने 14 नवंबर को आदेश जारी कर सरकारी स्कूलों में अधिशेष शिक्षकों को अन्य स्कूलों में समायोजन करने के आदेश जारी किए है। जिले में संचालित अंग्रेजी माध्यम की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अनेक शिक्षकों को नियम विरुद्ध अधिशेष करने के मामलें सामने आए है।

अंग्रेजी माध्यम की महात्मा गांधी स्कूलों में अधिशेष किए गए शिक्षकों का कहना है कि वे स्वीकृत पदों पर कार्यरत है और विभाग ने उन्हें चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति दी हैं। इसके बावजूद उन्हें मनमाने तरीके से हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रुंडल आमेर में कार्यरत शिक्षक घनश्याम शर्मा एवं जोड़ला की ढाणी गोविंदगढ़ में कार्यरत शिक्षक चन्द्रकांत जांगिड़ ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) जयपुर में अपील दायर कर अधिशेष करने के आदेश को चुनौती दी है। अधिकरण ने दोनों शिक्षकों की अपीलों में सुनवाई कर विभाग को अंतरिम आदेश दिए है कि प्रार्थी को अन्य स्कूल में पदस्थापित नही किया जाए तथा मामलें में माध्यमिक शिक्षा

विभाग के शासन सचिव, निदेशक सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दोनों शिक्षकों के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थीपक्ष तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल द्वितीय विषय गणित विज्ञान एवं अंग्रेजी के पद पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2022 में महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के शिक्षकों के पदस्थापन के लिए चयन प्रक्रिया की गई थी। उक्त चयन प्रक्रिया में प्रार्थीगण का साक्षात्कार से चयन हुआ है। चयन आदेश की पालना में प्रार्थीगण ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में वर्ष 2022 में कार्यग्रहण कर लिया और निरतंर कार्यरत है। विभाग ने वर्ष 2023 में आदेश जारी कर संविदा के आधार पर भर्ती कर सहायक अध्यापक के पद अन्य अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति दे दी गई। जबकि विद्यालय में तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल द्वितीय विषय अंग्रेजी एवं गणित विज्ञान का एक ही पद स्वीकृत है। इसके बावजूद विभाग ने बिना रिक्त पद के ही अन्य अभ्यर्थी को नियुक्त कर दिया। संविदा शिक्षक की नियुक्ति के कारण उन्हें अधिशेष कर दिया गया है। निदेशक ने 14 नवंबर 2024 को सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर अधिशेष किए गए शिक्षकों को अन्य स्कूलों में पदस्थापित करने के दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने दलील दी कि विभाग ने प्रार्थीगण को नियम विरुद्ध अधिशेष किया गया है। लिहाजा निदेशक की ओर से जारी आदेश दिनांक 14 नवंबर 2024 की पालना में प्रार्थी को नही हटाया जावें। इस पर अधिकरण के सदस्य शुचि शर्मा एवं लेखराज तोसावडा की बेंच ने प्रार्थी शिक्षकों को निदेशक की ओर से 14 नवंबर 2024 को जारी आदेश की पालना में अन्य स्कूल में स्थानांतरण/पदस्थापन नही करने के आदेश दिए है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं की उत्पादन इकाइयों की जानकारी दें, मिलेगा दस हजार का इनाम, पहचान भी रहेगी गुप्त

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की 12 अगस्त, 2021 को जारी अधिसूचना के अनुसार 1 जुलाई, 2022 से प्लास्टिक की डंडियां, झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, पॉलिस्टायरीन, थर्माकॉल के सजावटी सामान, प्लेट कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ ट्रे जैसे कटलरी आइटम्स मिठाई के डिब्बों व इनविटेशन कार्ड को पैक करने वाली फिल्म, 100 माइक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक पीवीसी बैनर को प्रतिबंधित किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेष दिनांक 02 जून, 2023 द्वारा प्लास्टिक कोटेड पेपर कप को भी इसी सूची में शामिल किया गया है। प्रतिबंध को फलित करने के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं की उत्पादन इकाईयों की जानकारी प्रदान करने वाले नागरिकों के लिए इनाम योजना की शुरुआत की गई है। योजना के अंतर्गत किसी भी नागरिक द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं की उत्पादन इकाइयों के संचालन के बारे में राज्य मंडल को ईमेल अथवा कार्यालय के पते क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पुराना आबकारी कार्यालय भवन, कलाल वाटी, राजसमन्द पर सूचित कर सकते है। सूचना की पुष्टि पर सूचना सही पाये जाने पर 10000/- (दस हजार रूपये) की राशि बतौर इनाम दी जावेगी। सूचना देने वाले नागरिक की पहचान गुप्त रखी जायेगी। इस योजना का लाभ एक इकाई के लिए एक बार ही लागू रहेगा। योजना का उद्देश्य आम नागरिकों में प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पाद के बहिष्कार की जागरूकता फैलाने और जनभागीदारी से उक्त प्रतिबंध को प्रभावी कार्यान्वयन में लाने का है।

चाकसू मे दी बार एसोसिएशन संघ की साधारण सभा की मीटिंग 25 को होगी

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव को लेकर दी बार एसोसिएशन की मीटिंग आयोजित की गई थी लेकिन अध्यक्ष, महासचिव ने अचानक मीटिंग को स्थगित करने की सूचना जरिये व्हाट्सएप ग्रुप में दी गई है। वही जो कि अध्यक्ष ,महासचिव ने 19 नवंबर को मीटिंग हुई थी उसमें 21 नवंबर को चुनाव की मीटिंग का आवाहन दी बार एसोसिएशन की लेटर पैड पर किया था । लेकिन अचानक मीटिंग के स्थगित किए जाने से बार एसोसिएशन संघ के सभी सदस्यों में भारी आक्रोश हुआ तथा उक्त मीटिंग में सभी सदस्यों ने सर्व समिति से निर्णय लिया कि हर वर्ष की भांति चुनाव निर्धारित आगामी 13 दिसंबर को किए जाने चाहिए । इस विषय पर सभी अधिवक्ता की सहमति हुई और वही प्रतिवर्ष चुनाव करवाए जाने के लिए सहमति बनी है । पूर्व में भी अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष को छोड़कर चुनाव करवाए जाने को लेकर सामूहिक रूप से कार्यकारिणी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था और वही अब आगामी 25 नवंबर को प्रातःकालीन 11 बजे से दी बार एसोसिएशन चाकसू का चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के लिए आम सभा की मीटिंग आयोजित की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डिजिटलाइजेशन को दिया जा रहा बढ़ावा

पशुओं का चिन्हीकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा उपचार और मोबाइल वेटरनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित करने की तैयारी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर/राजसमंद। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए जन उपयोगी सेवाओं को आसान बनाया जा रहा है। योजनाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने से सेवाएं त्वरित, पारदर्शी और सुलभ होती हैं। यह नागरिकों को सरकारी लाभों तक ऑनलाइन माध्यम से आसानी से पहुंचने में मदद करता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है और पारदर्शिता बढ़ती है। समय और धन की बचत के साथ-साथ प्रक्रियाएं सरल होती हैं, जिससे योजनाओं का प्रभाव अधिक व्यापक और समान रूप से महसूस किया जा सकता है। शासन सचिव पशुपालन, डॉ समित शर्मा ने कहा है कि पशुओं का चिन्हीकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा बीमारियों के उपचार और मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट सेवा को एकीकृत प्लेटफार्म पर संपादित किया जाएगा। इस विषय पर चर्चा करने के लिए शर्मा की अध्यक्षता में भारत सरकार के नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन के प्रतिनिधियों के साथ पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक सचिवालय में आयोजित की गई। इस चर्चा में बीआईएफएल (मोबाइल वेटरिनरी यूनिट तथा कॉल सेंटर सेवा प्रदाता) के प्रतिनिधि भी ऑनलाइन शामिल हुए। जयपुर में आयोजित बैठक में डॉ शर्मा ने निर्देश दिया कि "1962" एप अधिक से अधिक पशुपालकों से डाउनलोड करवाया जाए ताकि वे विभागीय योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकें और अपने पशुओं के बारे में भी जानकारियां ले सकें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत बने किसानों के

व्हाट्सअप ग्रुप पर 1962 एप डाउनलोड करने के निर्देश दिए। इस एप के माध्यम से पशुपालक अपने पशुओं के उपचार के लिए सीधे ही कॉल सेंटर पर कॉल कर सकेगा। उन्होंने कहा कि पशुओं के टैग नंबर को उनका आधार नंबर माना जाए और उसी नंबर से उनका रजिस्ट्रेशन 1962 एप पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत पशुधन एप के एनिमल हेल्थ मॉड्यूल को जल्द से जल्द लागू करने के लिए योजनाबद्ध रूप से आवश्यक तैयारी की जाए। इस संबंध में पशु चिकित्सकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी डॉ शर्मा ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं के उपचार के लिए ई- दवा पर्ची का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। भारत पशुधन एप के नॉलेज सेंटर पर उपलब्ध जानकारियों को साझा करने के लिए आई गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाना चाहिए। डॉ शर्मा ने बीआईएफएल को निर्देश दिए कि वे टेलीमेडिसिन, व्हाट्सअप और चैटबोट का उपयोग 1962 कॉल सेंटर पर करें। उन्होंने निदेशक पशुपालन को निर्देश दिए कि विभाग के अधिकारियों को भारत पशुधन एप की अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कराई जाए जिसकी अनुपालना में बैठक के बाद पशुधन भवन में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने पशुधन एप से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पशुओं के चिन्हीकरण, टीकाकरण, प्रजनन, पोषण तथा उपचार के लिए नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन संचालित किया जा रहा है। बैठक में भारत सरकार के नेशनल डिजिटल लाइवस्टॉक मिशन के परियोजना प्रबंधक श्री असद परवेज, वरिष्ठ प्रबंधक श्री आर के श्रीवास्तव, परियोजना प्रबंधक (पीएमयू-इ वाइ) श्री आर रेजिथ तथा सलाहकार डॉ जिगर और पशुपालन निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़ सहित पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

श्रेया कुमावत 25-26 को नोएडा में रैक्स कर्मवीर ग्लोबल फैलोशिप और कर्मवीर चक्र से होगी सम्मानित

संजीवनी टुडे

शाहपुरा। पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए श्रेया कुमावत को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय परिसंघ द्वारा कर्मवीर चक्र पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 25-26 नवंबर को नोएडा सेक्टर-135 स्थित श्रीराम मिलियंस स्कूल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय समारोह में दिया जाएगा। श्रेया ने पर्यावरण को लेकर कई जागरूकता अभियान चलाए हैं। इनमें औषधीय पौधों का वितरण, सीड पार्सल अभियान और पौधरोपण शामिल हैं। श्रेया के इस सम्मान से शाहपुरा का गौरव बढ़ा है।

मतगणना दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उपचुनाव 2024 की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को होगी। सलूंबर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना उदयपुर के राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में गुरुवार को मतगणना दलों में नियुक्त गणन पर्यवेक्षक, गणन सहायक, माइक्रो ऑर्ब्जवर, आरओ, एआरओं सहित व्यवस्थाओं में लगे कार्मिका का प्रशिक्षण नगर निगम के सुखाड़िया रगमंच में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सलूंबर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत के साथ संबंधित एआरओ, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने मतगणना दलों को पोस्टल बैलेट गणना व ईवीएम से वोटों की गिनती का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया और गणना के समय 17 सी के पार्ट 2 भरने संबंधी जानकारी दी गई। संबंधित अधिकारियों को परिचय पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना के दौरान नियुक्त अधिकारी-कार्मिकों के लिए मतगणना स्थल पर मोबाइल लाना वर्जित होगा।

कार्यरत प्रेरकों का मानदेय की उपस्थिति 10 दिसम्बर तक जमा कराए

संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के साक्षर भारत अभियान के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत रहे प्रेरकों को सूचित किया गया है कि निदेशक साक्षरता एवं सतत शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेश के तहत जिले में आवंटित बजट के अनुसार पूर्व में कार्यरत रहे प्रेरकों का मानदेय का भुगतान किया जाएगा। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी अशोक मीणा ने बताया कि अपनी उपस्थिति पूर्व में प्रेषित निर्धारित प्रारूप में 10 दिसम्बर तक कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि मानदेय का भुगतान किया जा सके। इसके लिए निदेशालय से शत-प्रतिशत भुगतान के निर्देश प्राप्त हो रहे है। निर्धारित तिथि तक उपस्थिति नहीं देने पर अवशेष राशि पुनः राजकोष में जमा करा दी जाएगी। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। बकाया मानदेय का भुगतान प्राप्त करने के लिए उपस्थिति नियत तिथि तक आवश्यक रूप से कार्यालय में जमा कराए ताकि मानदेय का भुगतान किया जा सके।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने बच्चों को दी 1098 नंबर की जानकारी

संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। शहर में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन ने शहर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में जाकर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के नेतृत्व में केश सुपरवाइजर नारायणलाल बरण्डा, अनिता भील व अर्चना मनात ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रेलवे व नवाडेरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जाकर बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि बेबस, बेसहारा, बाल श्रमिक, लावारिस, बीमार, घायल, शोषित-पीडित और किसी भी प्रकार के मुसीबत में फसे बच्चे को कही भी देखे तो तुरन्त 1098 पर कॉल करें। चाइल्ड हेल्पलाइन ऐसे बच्चों की मदद के लिए दिन रात (24 घंटे) तत्पर रहती है। यह एक टॉल फ्री नंबर है। इस पर कॉल करने का कोई पैसा नहीं लगता है व इस पर कॉल करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। इस अवसर पर विद्यालयों में उपस्थित छात्रों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

भूखंड घोटाला: पूर्व वार्ड पंच सहित 2 गिरफ्तार: एसओजी की रडार पर अब कई बड़े नाम

संजीवनी टुडे

दोनों आरोपियों ने नगर निगम में खूब खेला फर्जी खेल

उदयपुर।यूआईटी से नगर निगम को हस्तांतरित हुए 272 भूखंडों के चर्चित घोटाले के मामले में एसओजी एक वार्ड पंच सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। फिलहाल दोनों आरोपी जेल में है। बताया जा रहा है कि दोनों ही आरोपियों की नगर निगम में खासी पैठ थी। इन्होंने बड़े शातिर तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार किए और डमी कैंडिडेट बनाकर भूखंडों का सौदा कराया। मामले में सबसे बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि नगर निगम के अफसर और कर्मचारियों की बिना मिलीभगत घोटाला नहीं हो सकता। एसओजी की रडार पर कई बड़े नाम है जिन तक एसओजी जल्द पहुंचेगी। एसओजी एडिशनल एसपी स्वाती शर्मा का कहना है कि मामले में और भी कई बड़े चौकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। नगर निगम से आखिर कैसे इतने भूखंडों की लीज डीड जारी हो गई। इसे लेकर गहराई से जांच की जा रही है।

एक ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए, दूसरा गुजरात से डमी कैंडिडेट लाया दोनों ही आरोपियों की नगर निगम में अच्छी खासी दखल बताई जा रही है। आरोपी दीपक सिंह चौहान पुत्र हरिसिंह चौहान निवासी यूआईटी कॉलोनी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। एसओजी ने निगम से जारी लीज डीडी में आरोपी दीपक के हाथों की लिखावट के सैम्पल लिए है जिन्हें एफएसएल जांच को भेजा है। वहीं, दूसरा आरोपी राकेश सोलंकी निवासी पंचमहल गुजरात का रहने वाला है और वहां वार्ड पंच रह चुका है। वर्तमान में आरोपी कई सालों से उदयपुर की अंबामाता स्कीम में निवास कर रहा था। पूर्व पार्षद होने का फायदा उठाकर ये आरोपी गुजरात से डमी कैंडिडेट लाता था। उनके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में हेरफ़ेर करता था। इनके फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर भूखंडों का सौदा करता। यूआईटी ने 12 पहले नगर निगम को कुछ कॉलोनियां हस्तांतरित की थीं। इन कॉलोनियों में कई भूखंड खाली थे। नीलामी के चलते अधिकाशं भूखंड कॉर्नर के थे। निगम ने इन भूखंडों पर स्वयं की सम्पत्ति के बोर्ड भी लगाए। लेकिन सारसंभाल नहीं करने से कब्जे हो गए। कई भूखंडों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण भी खुलवा लिए गए। कुछ भूखंडों को दलालों ने बेच भी दिया। जांच के बाद कुछ भूखंडों के पट्टे निरस्त किए। अप्रैल 2022 में यह मामला एसओजी में पहुंचा था। जिसमें इसी माह 7 नवंबर को आरोपी दीपक सिंह और 13 नवंबर को आरोपी राकेश सोलंकी को गिरफ्तार किया गया।

कटारिया और वर्तमान विधायक विधानसभा में उठा चुके हैं ये मुद्दा

272 भूखंडों का चर्चित घोटाले का मामला विधानसभा में पूर्व शहर विधायक गुलाबचंद कटारिया (वर्तमान में असम राज्यपाल) और वर्तमान शहर विधायक ताराचंद जैन उठा चुके है। ताराचंद जैन ने 4 माह पूर्व इस मामले को विधानसभा में उठाते हुए कहा था कि ये 500 करोड़ का घोटाला है लेकिन एसओजी चुप बैठी है। विभागीय स्तरीय पर केवल 3 कार्मिकों को 16 सीसी नोटिस देकर इतिश्री कर ली गई, जबकि तत्तकालीन आयुक्त हिम्मतसिंह बारहठ मामले में पूरी तरह जिम्मेदार थे। इसके करीब ढाई साल पूर्व कटारिया इस मामले को विधानसभा में उठा चुके हैं।

एक अवैध पिस्टल के साथ कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने का एचएस गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने शहर के कच्ची बस्ती रिको एरिया से एक व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध पिस्टल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने का एचएस होकर एक दर्जन के करीब मामलों में लिप्त हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों को अवैध हथियारो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिए। इसी क्रम में एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा ब्रदीलाल राव के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर पु.नि. के सुपरविजन में एएसआई सूरज कुमार व पुलिस जाब्ता हैड कानि. हरविन्द्र हैड, कानि. रामकेश, हेमन्त, देवेन्द्र व विरेन्द्र द्वारा कस्बा निम्बाहेडा मे सर्कल गश्त की जा रही थी। इसी दौरान एएसआई सूरज कुमार को सुचना मिली कि थाने का हिस्ट्रीशीटर दारा सिह काले रंग की टी-शर्ट व जीन्स की पेन्ट पहने अवैध हथियार पिस्टल लेकर रिको एरिया मे खडा है। सूचना पर पुलिस कच्ची बस्ती रिको एरिया पहुची, जहां रोड के

किनारे एक व्यक्ति पुलिस की गाडी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने रोक कर तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्टल मिली। जिसे जब्त कर आरोपी जे.के. कॉलोनी निम्बाहेडा थाना कोतवाली निम्बाहेडा निवासी 25 वर्षीय दारा सिंह पुत्र चतर सिंह राजपुत को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह पिस्टल राहुल भील निवासी रज्जा कॉलानी निम्बाहेडा से खरीदी थी।आरोपी थाना कोतवाली निम्बाहेडा का हिस्ट्रीशीटर हो थाने पर दर्जन भर से अधिक मुकदमे लडाई झगडा चोरी नकबजरी, आर्म्स एक्ट व हथियार सप्लाई के दर्ज है। थाना कोतवाली निम्बाहेडा द्वारा इस कार्यवाही समेत दो दिन मे दो कार्यवाही करते हुये दो पिस्टल जब्त कर दो आरोपी गिरफतार किये हैं।

दो अवैध देशी पिस्टल सहित तीन जिन्दा कारतुस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

कार हुंडई वरना व ओरा के साथ पचास हजार रू जब्त

चित्तौड़गढ़। सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। वहीं मामले में दो कारें हुंडई वरना व ओरा के साथ पचास हजार रुपये भी जब्त किए है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि शहर चितौडगढ मे सदिग्ध व्यक्तियो व लोकल स्पेशल एक्ट अवैध हथियार की धरपकड हेतु एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय कुमार के सुपरविजन एवं थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना के एएसआई ददु सिंह, शंकरलाल, सोहनलाल, कानि. हेमेन्द्र सिंह, भगवत सिंह, भजनलाल, गजेन्द्र सिंह व रोहिताश की अलग अलग टीम द्वारा सेती चौकी के सामने नाकाबन्दी के दौरान अलग-अलग दो संदिग्ध हुण्डयी ब्लेक कार वरना व ओरा को रोक तीन व्यक्ति व गाडियो की तलाशी ली जाकर उनके कब्जे से अवैध दो

देशी पिस्टल सहित तीन जिन्दा कारतुस, 50 हजार रू जब्त कर तीन आरोपियों चंदेरिया थाने के माताजी की पाण्डोली निवासी रमेश चन्द्र पुत्र भगवान लाल जटिया, बराडा थाना सदर चितौडगढ निवासी कालु सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह रावत एवं सावा थाना शंभुपुरा निवासी प्रकाश चौधरी पुत्र रमेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। तीनो गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियार संबधित अग्रिम अनुसंधान जारी है।

अवैध एमडीएमए मोली पाउडर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जिले के भादसोड़ा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 10.47 ग्राम अवैध एमडीएमए मौली पाउडर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन मे लोकल एंव स्पेशल एक्ट एंव मादक पदार्थो की धरपकड कार्यवाही हेतु थानाधिकारी भादसोड़ा देवेन्द्र कुमार उप निरीक्षक के नेतृत्व मे

हेड कानि. सुरेन्द्र सिंह, नारायण लाल, कानि. सुशील कुमार, रतन लाल, विरेन्द्र सिंह, मदन लाल, गजे सिंह व सुशीला के साथ थाना क्षेत्र में रात्री गश्त कर रहे थे। इसी दौरान भादसौडा से मण्डफिया रोड पर एक सदिग्ध व्यक्ति पुलिस जीप को देखकर झाडियो मे खेतो की तरफ भागा, जिसको पुलिस जाप्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद घेरा देकर पकडा। उसकी गतिविधि संदिग्ध होने पर तलाशी ली गई तो कब्जे से 10.47 ग्राम अवैध एमडीएमए मौली पाउडर मिला। जिसे जब्त कर आरोपी सेगवा थाना मण्डफिया जिला चित्तौडगढ निवासी 29 वर्षीय अलताब हुसैन पुत्र सलीम मोहम्मद को गिरफ्तार कर भादसोड़ा थाने पर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

स्कोर्पियो से 90 ग्राम अवैध एमडीएमए पाउडर व 50 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुरुवार को जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक स्कोर्पियो से 90 ग्राम अवैध एमडीएमए पाउडर व 50 ग्राम अफीम जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ कार्यवाही हेतू दिए गए निर्देश के क्रम में एएसपी सरिता सिह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्री लाल के निर्देशन एवं थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहैडा रामसुमेर पु.नि. के सुपरविजन मे गुरुवार को गोकुल लाल डागी उप निरीक्षक मय जाप्ता हैड कानि हरविन्दर सिह, कानि. जगदीश, हेमन्त, विजय सिह, रामकेश व तेजराम जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी की जा रही थी। नाकाबन्दी के दौरान एक स्कार्पियो आई, जिसको रूकवाने हेतु पुलिस जाप्ता ने बावर्दी हाथ का ईशारा किया तो स्कार्पियो कार के चालक ने कार की गति बढा नाकाबंदी स्थल से आगे निकल कर भागने का प्रयास किया। जिस पर नाकाबंदी हेतु लगाये गये, बैरियर को उक्त स्कार्पियो कार के आगे लगाकर स्कार्पियो को रोकी गयी। स्कार्पियो की तलाशी ली गई तो उसमें 90 ग्राम अवैध एमडीएमए मौली पाउडर व 50 ग्राम अवैध अफीम मिली। उक्त अवैध एमडीएमए मौली पाउडर, अफीम व स्कोर्पियो को जब्त कर आरोपी जालौर जिले के पाच भादरा थाना भीनमाल निवासी 30 वर्षीय वीर सिह पुत्र जय सिह राजपुत व जालौर जिले के वेरा जालो तर सायला थाना सायला निवासी 35 वर्षीय कालुराम पुत्र नरसा राम कलबी को गिरफतार किया गया।

तालाब में से 5 दिन बाद निकाला युवक का शव: दिन-रात जुटी थी एसडीआरएफ टीमें

तालाब में जलकुंभी-कचरा होने से हो रही थी दिक्कत

संजीवनी टुडे

उदयपुर। सायरा में 5 दिन पहले तालाब में डूबे युवक का शव एसडीआरएफ की टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद गुरुवार को बाहर निकाल लिया गया। जिसे सायरा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। युवक के डूबने के बाद से एसडीआरएफ की टीमें लगातार सुबह से रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थी। इस दौरान तालाब में भारी मात्रा में सिंघाड़े, जलकुंभी और कचरा होने से शव को ढूंढ पाने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में एक दिन पहले तालाब के पानी को खाली कराया गया। इसके लिए बुलडोजर से तालाब की पाल तोड़ी गई। इसके बाद तालाब से पानी दूसरी ओर छोड़ा गया। तालाब में से पानी कम होने के बाद टीम को शव तलाशने में सफलता मिली।

पुलिस को देखकर तालाब में कूदा था

सायरा थाना क्षेत्र के पुनावली गांव मेड़ी का मथारा निवासी खुम सिंह रविवार दोपहर तालाब में कूद गया था। पहले

ग्रामीणों ने युवक को ढूंढने का प्रयास किया था। बाद में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया- ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि खुम सिंह नाम का युवक तलवार लेकर लोगों को डरा रहा था। राह चलती एक बकरी और व्यक्ति पर तलवार से हमला करने का प्रयास किया था। इस पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। तब तक आरोपी युवक वहां से गायब हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस टीम ने उसे ढूंढ़ने का प्रयास किया तो वह तालाब की ओर भागता हुआ दिखा। ग्रामीण और पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन युवक अचानक तालाब में कूद गया। युवक कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीसी के माध्यम से की तैयारियों की समीक्षा

संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत गत 13 नवम्बर को हुए मतदान के बाद अब मतगणना 23 नवम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरूवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक लेते हुए मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। वीसी में उदयपुर से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़, रिटर्निंग अधिकारी पर्वतसिंह, एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन, एमसीएमसी प्रभारी डॉ. कमलेश शर्मा आदि शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पोसवाल ने सीईओ श्री महाजन को अवगत कराया कि सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। उन्होंने बताया कि सलूम्बर विधानसभा की मतगणना के दौरान ईवीएम के लिए 14 टेबल तथा पोस्टल बैलेट गणना के लिए 2 टेबल लगाई गई हैं। 22 राउण्ड में गणना पूर्ण होगी। गणना के लिए नियोजित कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। गणना स्थल पर व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। आमजन व मीडिया को रूझान एवं परिणामों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

चचेरी बहनों का सुसाइड- कॉपी में मिलीं कुरान की आयतें: सोशल मीडिया पर बदल लिया था नाम, आरोपी युवक ने दोनों का ब्रेनवॉश किया था

चचेरी बहनों का सुसाइड- कॉपी में मिलीं कुरान की आयतें: सोशल मीडिया पर बदल लिया था नाम; आरोपी युवक ने दोनों का ब्रेनवॉश किया था

संजीवनी टुडे

उदयपुर। गोगुंदा में 10 दिन पहले दो नाबालिग चचेरी बहनों के सुसाइड मामले में उनके स्कूल बैग में मिली कॉपी से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी ने लड़कियों का ब्रेनवॉश कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया था। दोनों 9:23 आत्महत्या के लिए मजबूर किया था। दोनों लड़कियां 11वीं क्लास में पढ़ती थीं। इनकी कॉपी में कुरान की आयतें और कलमा लिखे हुए थे। हिंदी और उर्दू के वाक्य भी लिखे हुए थे, जिससे पता लगा कि लड़कियां भी इन्हें सीख रही थीं। यहां तक कि सोशल मीडिया पर इन्होंने अपना नाम बदलकर मुस्कान और अनीसा रख लिया था। परिजनों ने दोनों लड़कियों के मोबाइल और उनकी कॉपी-किताब पुलिस के सुपुर्द की हैं। पुलिस अब इन तथ्यों के आधार पर लड़कियों को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोपों की जांच में जुटी है।

लड़कियों और आरोपी के बीच 3 हजार बार कॉल

गोगुंदा एसएचओ शैतान सिंह नाथावत ने बताया- परिजनों ने जो जानकारी और तथ्य दिए हैं, उस आधार पर हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष के वकील कमलेश शर्मा ने बताया- कॉल डिटेल रिकॉर्ड (एक्ट) से पता चला है कि लड़कियों और आरोपी के बीच करीब 3 हजार बार बात हुई है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लड़कियों का किस हद तक ब्रेनवॉश किया गया होगा। ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने का यह सामान्य मामला नहीं है। मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। घर से 500 मीटर दूर मिला था शव दरअसल, जसवंतगढ़ ग्राम पंचायत के गहलोतों का गुड़ा गांव में 10 नवंबर की शाम को 16 और 17 साल की दो चचेरी बहनें घर से लापता हुई थीं। दूसरे दिन दोनों बहनों के शव घर से 500 मीटर दूर एक खेत में मिले थे।दोनों ने एक जैसे रंग की ड्रेस पहनी हुई थी। दोनों की जहर खाने से मौत हुई थी।

आरोपी को यूपी से पकड़ा था

मामले में दो दिन पहले पुलिस ने हापुड़ (उत्तर प्रदेश) से आरोपी हाफिजपुर निवासी शहवाज (19) पुत्र तहसीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की एक टीम उसे पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश भेजी गई थी। हापुड़ से आरोपी को गोगुंदा लाया गया। लड़कियों पर बात करने का बनाता था दबाव जानकारी के अनुसार, आरोपी ने दोनों बहनों से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। इसके बाद आरोपी कभी खुद का मोबाइल खराब होने तो कभी कोई अन्य कारण बताकर ऑनलाइन रुपए मांगता था। करीब 12 हजार रुपए ऐंठ चुका है। इतना ही नहीं, गोगुंदा आकर मिलने की बात कहता था। बार-बार बात करने का दबाव भी बनाता था। इससे दोनों बहन परेशान हो गई थी।

मकान में चोरी, गाढ़ी कमाई के ढाई लाख रुपए ले उड़े चोर

संजीवनी टुडे

राजसमंद।आमेट थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है, पिछले 15 दिनों में क्षेत्र में चोरी की तीन वारदातें हो चुकी है। इसमें ताजा वारदात खाखरमाला में हुई, जिसमें चोरों ने मकान के ताले तोड़कर करीब ढाई लाख रुपए चुरा लिए। खाखरमाला निवासी ओंकारसिंह पुत्र संपतसिंह राजपूत के घर से 19 नवम्बर को चोरों नीचे वाले कमरे का ताला तोड़कर एक बड़ा बक्सा चोरी करके ले गए। बताया कि इस बक्से में 2 लाख 55 हजार रुपए नकद रखे हुए थे।

ओंकारसिंह ने बताया कि उन्होंने चोरी की वारदात को लेकर आमेट थाने में रिपोर्ट दी, लेकिन फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं, नगर में पिछले कुछ महीनो में लाखों रुपए की बड़ी चोरी की वारदातें हो चुकी है। लेकिन, उनका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। इसमें नगर में रेलवे स्टेशन सहित तहसील के धनकपुरा में भी चोरी की वारदात हो चुकी है। ओलना का खेड़ा ग्राम

पंचायत के धनकपूरा गांव में स्थित महावीर मार्बल फैक्ट्री से चोरों ने 8 नवंबर की रात्रि में चार पानी की मोटर, केबल तथा अन्य सामान चोरी किए, जिनकी कुल कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए बताई गई। इसी तरह 13 नवम्बर को आमेट रेलवे स्टेशन के रामदेव नगर में भैरूसिंह पुत्र फतेहसिंह देवड़ा के घर से ताले तोड़ते हुए चोरों ने 7 तोला सोने के, 25 तोला चांदी के जेवर, तीन महंगे मोबाइल तथा 76 हजार रुपए नकद चुरा लिए थे। पुलिस इनमें से एक भी वारदात का सुराग अब तक नहीं लगा पाई है।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

सक्रिय राजनीति में महिलाओं का फिर बजेगा डंका

देश भर के कांग्रेसजनों समेत ' सर्वधर्म समभाव' की अमृतमयी-सशक्त विचारधारा से जुड़े इस राष्ट्र के समस्त नागरिकों को लंबे अरसे से जिसकी बड़ी बेकरारी से प्रतीक्षा थी, आखिरकार उम्मीद की वह किरण उदित हुई श्रीमती प्रियंका गांधी के कांग्रेस पार्टी में सक्रिय तौर पर उतरने से। कांग्रेस पार्टी की सबसे नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्वी उत्तरप्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी भले ही सक्रिय राजनीति में अभी उतरी हैं, पर कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में पहले से ही शीर्षतम रही हैं।

उन्होंने न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, पार्टी की शीर्ष नेता श्रीमती सोनिया गाँधी, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी समेत पार्टी संगठन के अन्य वरिष्ठ नेताओं की चुनाव प्रचार रैलियों, रोड शो को ऐतिहासिक बना दिया, बल्कि काफी पहले से वे गांधी परिवार यानी कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली और अमेठी में पार्टी कार्यालय की कमान संभालती रही हैं। नारी सशक्तिकरण के इस दौर में विशेष रूप से महिलाओं में बेहद ख़ुशी की लहर है प्रियंका गांधी के इस नए कदम पर। इस आनंद, उत्साह और उमंग की वजह कई हैं, जिनमें प्रमुख तो यह है कि कांग्रेस पार्टी ही दुनिया के सर्वोच्च लोकतांत्रिक इस राष्ट्र में मात्र एक ऐसा दल है, जिसने नारी को पूर्ण सम्मान, स्वाभिमान, स्वच्छंदता, शिक्षा सहित सभी मौलिक हकों पर समानाधिकार और न्याय प्रदान किया, फिर चाहे बात पार्टी संगठन के भीतर की हो या आमजन की, किसी के संग कोई भेद-भाव नहीं। आजादी मिलने से पूर्व से देखें, तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, लोकमान्य तिलक आदि राष्ट्रनायकों के उदात्त विचारों से प्रभावित होकर स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में हुई देशव्यापी क्रांति में कई महिलाओं ने स्फूर्त सहभाग लिया। इनमें अरुणा आसफ अली, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, उषा मेहता आदि के नाम प्रमुख हैं। यहां तक कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में तक कई अनाम वीरांगनाएं इसका सबूत हैं। आजादी मिलने के बाद जब आधुनिक भारत की रचना हुई, देश की बागडोर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में संभाली, तब सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश, जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री के गृहनगर का भी समावेश था, वहां का प्रथम राज्यपाल बनने का गौरव एक महिला को मिला। वे थीं सरोजिनी देवी नायडू, जो उत्तरप्रदेश की पहली राज्यपाल बनीं। फिर वक्त बीता और उसका एक मोड़ ऐसा भी आया, नेहरू जी के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री की रहस्यमय तरीके से हत्या हो गई।

इस संकटकाल में देश की कमान एक सशक्त महिला ने थामी। और कोई नहीं, वे थीं देश-विदेश में 'लौह महिला' के रूप में विख्यात इंदिरा गांधी। इंदिरा राजनीतिक रणनीति, कूटनीति, विदेश नीति, राष्ट्र व राष्ट्रवासियों की शिक्षा-सुरक्षा को लेकर शुचिता, बुद्धि-चातुर्य और निर्णय लेने की तत्परता-सामर्थ्य का समूचा विश्व आज भी कायल है। उनके नेतृत्व में आमजनहित व महिलाओं के हकों को सुरक्षा प्रदान करने वाले कई अहम निर्णय लिए गए, जिनसे संपूर्ण महिला समुदाय लाभान्वित हुआ, चहुंमुखी उन्नत हुआ। वक्त ने फिर करवट बदली और दुर्भाग्यवश इंदिरा जी की हत्या हो गई। लोकहितार्थ उनके किए कुशल कार्यों की बदौलत देश को उनसे अभी और काफी-कुछ कल्याणकारी उम्मीदें लगी थीं, पर नियति के आगे किसी का कोई वश नहीं। स्व. इंदिरा जी से जुड़े देशवासियों के सपनों को संवारने का बीड़ा उठाया उनके बड़े सुपुत्र श्री राजीव गांधी ने। वे इटली में कमर्शियल पायलट थे, जिसे त्याग कर उन्होंने संकट की इस घड़ी में देश की कमान संभाली और अपनी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाया भी। यह उन्हीं की दूरदर्शिता का नतीजा है कि भारत में कम्प्यूटर क्रांति का सूत्रपात हुआ और 21 वीं सदी में यह देश आधुनिक राष्ट्रों की श्रेणी में सम्मानपूर्वक सिर उठाए- सीना ताने खड़ा है। राजीव जी लाई अत्याधुनिक सूचना-प्रौद्योगिकी की बदौलत ही आज लाखों-करोड़ों युवक-युवती इस क्षेत्र के जरिए प्रगति पथ पर अग्रसर हुए हैं और अपने व राष्ट्र के जीवन को खुशहाल तथा महफूज बना रहे हैं। देश में फिर एक बार संकटकाल आया, जब 1991 में राजीव जी की भी हत्या हो गई। इस तरह लगातार हत्याओं के सिलसिले को गांधी परिवार व्दारा बर्दाश्त कर पाना आसान न था, इसलिए कुछ अवधि के लिए वह सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए रहा, पर जब देश को अस्थिरता-अराजकता के बादलों में घिरता देखा, तो उसने अपने आंसू पोंछे और इस राष्ट्र के प्रति अपनी फर्ज अदायगी के लिए पुनः अग्रसर हुआ।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

भ्रष्टाचार की आंधी में ईमानदारी के दीपक जलाने होंगे

अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस प्रतिवर्ष 9 दिसम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र ने एक भ्रष्टाचार-निरोधी समझौता पारित किया था और तभी से यह दिवस मनाया जाता है। पूरे विश्व में एक समृद्ध, मूल्याधारित समाज को बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना इस दिन का मुख्य उद्देश्य है। इस दिन सम्मेलन, भाषण, रैलियां, प्रदर्शनियां, नाटक आदि कई गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र और संबंधित सदस्य राज्यों के द्वारा भ्रष्टाचार से लड़ने की भावना के साथ आयोजित की जाती हैं। तेजी से पांव पसार रहा भ्रष्टाचार किसी एक समाज, प्रांत या देश की समस्या नहीं है। इसने हर व्यक्ति एवं व्यवस्था को दूषित किया है, इसे रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं प्रक्रिया आवश्यक है। सत्ता एवं स्वार्थ ने भ्रष्टाचारमुक्ति को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चैराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा, भ्रष्ट एवं अनैतिक लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में नैतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। आज के समय में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है चाहे वो राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक हो और साथ ही लोकतांत्रिक संस्थानों को भी कमजोर करता है, सरकारी अस्थिरता में योगदान देता है और आर्थिक विकास को भी धीमा करता है, तभी इस विकराल होती समस्या पर नियंत्रण पाने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने भ्रष्टाचार निरोध दिवस को आयोजित करने का निश्चय किया।

प्रश्न है कि आखिर भ्रष्टाचार है क्या? आसान शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार उन लोगों के द्वारा जिनमें पॉवर होती है एक प्रकार का बेईमान या धोखेबाज आचरण को दर्शाता है। यह समाज की बनावट को भी खराब करता है। यह लोगों से उनकी आजादी, स्वास्थ्य, धन और कभी-कभी उनके जीवन को ही खत्म कर देता है। किसी ने सही कहा है कि भ्रष्टाचार एक मीठा जहर है।' विश्व भर में हर साल खरबों डॉलर की रकम या तो रिश्वतखोरी या फिर भ्रष्ट तरीकों की भेंट चढ़ जाती है जिससे कानून के शासन की अहमियत तो कम होती ही है, साथ ही मादक पदार्थों, हथियारों और लोगों की अवैध तस्करी, हिंसा एवं आतंकवाद को भी बढ़ावा मिलता है। हर साल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने वाली खरबों डॉलर की ये रकम वैश्विक घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 फीसदी के बराबर है। इसके कारण राष्ट्रों की समृद्धि से ज्यादा साख खतरे में पड़ी है। आज हमारे कंधे भी इसीलिये झुक गये कि भ्रष्टाचार का बोझ सहना हमारी आदत हो गयी है। भ्रष्टाचार के नशीले अहसास में रास्ते गलत पकड़ लिये

विचार बिन्दु

ललित गर्ग

भ्रष्टाचार और काले घन के खिलाफ जो माहौल बना निश्चित ही एक शुभ संकेत है देश को शुद्ध सांसें देने का। क्योंकि हम गिरते गिरते इतने गिर गये कि भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, नैतिकता, पारदर्शिता की कहीं कोई आवाज उठती भी थी तो ऐसा लगने लगता है कि यह विजातीय तत्व है जो हमारे जीवन में घुस रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये कि भांति अब कुछ संभावनाएं मोदी ने जगाई है, इस जागृति से कुछ सबक भी मिले हैं और कुछ सबब भी है।

और इसीलिये भ्रष्टाचार की भीड़ में हमारे साथ गलत साथी, संस्कार, सलाह, सहयोग जुड़ते गये। जब सभी कुछ गलत हो तो भला उसका जोड़, बाकी, गुणा या भाग का फल सही कैसे आएगा? तभी भ्रष्टाचार से एक बेहतर दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा हो रही है। भ्रष्टाचार निरोध दिवस मनाते हुए दुनिया के कतिपय राष्ट्रों ने ईमानदार शासन व्यवस्था देने का उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिनमें भारत में नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में एक नयी चुस्त-दुरूस्त, पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को जन्म दिया है, इस तथ्य से चाहकर भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। न खाऊंगा का प्रधानमंत्री का दावा अपनी जगह कायम है लेकिन न खाने दूंगा वाली हुंकार अभी अपना असर नहीं दिखा पा रही है। सरकार को भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये सख्ती के साथ-साथ व्यावहारिक कदम उठाने की अपेक्षा है। पिछले सत्तर वर्षों की भ्रष्ट कार्यसंस्कृति ने देश के विकास को अवरूद्ध किया। आजादी के बाद से अब तक देश में हुये भ्रष्टाचार और घोटालों का हिसाब जोड़ा जाए तो देश में विकास की गंगा बहायी जा सकती थी। दूषित राजनीतिक व्यवस्था, कमजोर विपक्ष और क्षेत्रीय दलों की बढ़ती ताकत ने पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार के अंधेरे कुएं में धकेलने का काम किया। देखना यह है कि क्या वास्तव में हमारा देश भ्रष्टाचारमुक्त होगा? यह प्रश्न आज देश के हर नागरिक के दिमाग में बार-बार उठ रहा है कि किस प्रकार देश की रगों में बह रहे भ्रष्टाचार के दूषित रक्त से मुक्ति मिलेगी। वर्तमान सरकार की नीति और नियत दोनों देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने की है, लेकिन उसका असर दिखना चाहिए। विभिन्न राजनीतिक दल जनता के सेवक बनने की बजाय स्वामी बन बैठे। मोदी ने इस सड़ी-गली और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने का बीड़ा उठाया और उसके परिणाम भी देखने को मिले। प्रधानमंत्री का स्वयं को प्रधानसेवक कहना विपक्ष के लिये जुमलेबाजी का विषय हो सकता है। लोकतंत्र में लोक विश्वास, लोक सम्मान जब ऊर्जा से भर जाए तो लोकतंत्र की सच्ची संकल्पना आकार लेने लगती है। मोदी ने लोकतंत्र में लोक को स्वामी होने का एहसास बखूबी कराया है। लेकिन प्रश्न यह है कि यही लोक अब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ जागृत क्यों नहीं हो रहा है? जन-जागृति के बिना भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता।

यह एक बड़ा यथार्थ है कि सरकार की काम करने की नीयत में कोई खोट नहीं है। देखा जाए तो नीति, नीयत और निर्णय यह तीन गुण किसी भी सफल लोकतंत्र व राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास एवं प्रगति के लिये आवश्यक होते हैं। मोदी सरकार की नीतियों में जन कल्याण, जन सम्मान, राष्ट्र गौरव की नीयत और निर्णय स्पष्ट दिखाई देते हैं। देश के सम्मान, समृद्धि और सुरक्षा के संकल्प को हकीकत में बदलने का काम मोदी सरकार कर रही है। लेकिन एक प्रश्न यहां यह भी खड़ा है कि भाजपा की प्रांत सरकारें एवं भाजपा के नेता भ्रष्टाचारमुक्ति के लिये उदाहरण क्यों नहीं बन पा रहे हैं? देखा जाए तो भ्रष्टाचार किसी भी राज्य को कई स्तर पर कमजोर करता है। इसके कारण कामकाज में देर होती है। इसका असर उत्पादन से लेकर अन्य परिणामों पर पड़ता है। योग्य लोग नजरअंदाज कर दिये जाते हैं और अयोग्य लोगों के हाथों में कमान आ जाती है। भ्रष्टाचार के कारण ही देश में प्राकृतिक संपदा एवं जनधन की लूट होने के आरोप भी लगते रहते हैं। इन त्रासद स्थितियों से सरकार के प्रति नकारात्मक सोच तो बनती ही है, साथ ही आम लोग मानसिक तौर पर कुंठित एवं निराश भी होने लगते हैं।

भ्रष्टाचार और काले घन के खिलाफ जो माहौल बना निश्चित ही एक शुभ संकेत है देश को शुद्ध सांसें देने का। क्योंकि हम गिरते गिरते इतने गिर गये कि भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, नैतिकता, पारदर्शिता की कहीं कोई आवाज उठती भी थी तो ऐसा लगने लगता है कि यह विजातीय तत्व है जो हमारे जीवन में घुस रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये कि भांति अब कुछ संभावनाएं मोदी ने जगाई है, इस जागृति से कुछ सबक भी मिले हैं और कुछ सबब भी है। इसका पहला सबब तो यही है कि भ्रष्टाचार की लडाई चोले से नहीं, आत्मा से ही लड़ी जा सकती है। दूसरा सबब है कि कोई गांधी या कोई गांधी बन कर ही इस लड़ाई को वास्तविक मंजिल दे सकता है। एक सबब यह भी है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों से भ्रष्टाचारमुक्ति की आशा करना, अंधेरे में सूई तलाशना है। भ्रष्टाचार की चरम पराकाष्ठा के बीच मोदी रूपी एक छोटी-सी किरण जगी है, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ।

ऐतिहासिक है दिल्ली का बिड़ला मंदिर, महात्मा गांधी ने किया था उद्घाटन

दिल्ली के प्रमुख स्थलों में से एक है लक्ष्मी नारायण मंदिर जिसे बिड़ला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से जुड़ी खास बात यह है कि 1938 में बने इस मंदिर का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रमुख स्थलों में से एक है लक्ष्मी नारायण मंदिर जिसे बिड़ला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से जुड़ी खास बात यह है कि 1938 में बने इस मंदिर का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। उस समय गांधीजी ने कहा था कि इस मंदिर के द्वार सदैव सभी के लिए खुले रहने चाहिए और इसमें जाति अथवा धर्म के नाम पर किसी से कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इस मंदिर में होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव की धूम पूरी दिल्ली में रहती है। उस समय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर में जुटती है और कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाता है। इसके अलावा यहां नवरात्र और दीपावली के समय भी काफी आयोजन किये जाते हैं। दीपावली पर मंदिर की साज सज्जा देखने लायक होती है। साढ़े सात एकड़ परिसर में स्थित इस मंदिर का वास्तुशिल्प विदेशी सैलानियों को भी खूब आकर्षित करता है। दिल्ली के हृदय स्थल क्नाट प्लेस से कुछ ही दूरी पर स्थित

यह मंदिर सदैव कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी की निगरानी में रहता है।

इस मंदिर का निर्माण उडियन शैली में किया गया है। बताया जाता है कि इस मंदिर का सबसे पहले 1622 में वीर सिंह देव ने निर्माण करवाया था। बाद में पृथ्वी सिंह ने 1793 में इसका जीर्णोद्धार करवाया। 1938 में भारत के मशहूर औद्योगिक परिवार बिड़ला समूह ने इसका विस्तार कार्य करवाया। तभी से इसे बिड़ला मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस समय जो मंदिर है उसका बाहरी हिस्सा सफ़ेद संगमरमर और लाल बालु पत्थर से बना है। इसे देखते ही मुगल शैली की याद आ जाती है। मंदिर के पिछले भाग में बगीचे और फव्वारे तथा आगे के भाग में तीन और दो मंजिला बरामदे हैं। मुख्य बरामदे में लक्ष्मी नारायण की भव्य मूर्ति स्थापित है। साथ ही मंदिर परिसर में भगवान शिव, गौतम बुद्ध और भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर भी स्थित हैं। इसके अलावा कई कमरों में विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के पिछले भाग में दो गुफाएं और एक सरोवर भी है। बताया जाता है कि बनारस के आचार्य विश्वनाथ शास्त्री के नेतृत्व में सौ से ज्यादा मूर्ति कलाकारों ने मंदिर में मूर्तियों और भवनों को नया शिल्प प्रदान किया। मंदिर में जयपुर का मार्बल और कोटा पत्थर का काफी प्रयोग किया गया है। परिसर में मौजूद गीता भवन पूरी तरह भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए दिल्ली में कहीं से भी बस या टैक्सी ली जा सकती है और अब तो यहां मेट्रो ट्रेन से भी पहुंचा जा सकता है। निकटवर्ती मेट्रो स्टेशन आर.के. आश्रम मार्ग है। यहां आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था है।

दिल्ली के अलावा अन्य लक्ष्मी नारायण मंदिर जिन्हें बिड़ला मंदिर के नाम से जाना जाता है, वह आंध्र प्रदेश के हैदराबाद, राजस्थान के जयपुर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर प्रदेश के मथुरा, हरियाणा के कुरुक्षेत्र, मध्य प्रदेश के भोपाल, बिहार के पटना, उत्तर प्रदेश के वाराणसी, महाराष्ट्र के उल्हासनगर और अकोला शहर में स्थित हैं।

22 नवम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

2008	भारती क्रिकेट टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपना पद छोड़ने की धमकी दी। हिन्दी के प्रख्यात कवि कुंवर नारायण को वर्ष 2005 के ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु चुना गया।
2007	ब्रिटेन में अवैध प्रवासी की समस्या पर काबू पाने के लिए कड़ी घोषणायें की गईं।
2006	भारत और वैश्विक कंसोर्टियन के छह अन्य देशों ने सूर्य की तरह ऊर्जा पैदा करने वाले प्राथमिक फ़्यूजन रिएक्टर की स्थापना करने के लिए पेरिस में ऐतिहासिक समझौता किया।
2002	मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के आयोजन के विरोध में नाइजीरिया में भड़के दंगे में सैंकड़ों लोग मारे गये।
2000	पाकिस्तान व ईरान पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रतिबंध।
1998	बांग्लादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण किया।
1997	भारत की डायना हेडेन विश्व सुंदरी बनी।
1990	ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर द्वारा त्यागपत्र की घोषणा।
1971	भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ।
1968	मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
1963	डलास (टेक्सास) में सं.रा. अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ़, केनेडी की हत्या।

नेता अपराधी-'बाबू' चरित्रवान - कैसे बढ़े देश का मान?

विचार बिन्दु



तनवीर जाफ़री

देश के शिक्षित समाज के लिये इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है ?पिछले दिनों देश के गृह मंत्री लखनऊ,उत्तर प्रदेश में फ़रमा रहे थे कि 'उत्तर प्रदेश में अब अपराधी दूरबीन से देखने पर भी नज़र नहीं आते' ।

1997 में जिस समय देश स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ मना रहा था उस समय भी देश की संसद ने राजनीति के अपराधीकरण के विरुद्ध सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था। परन्तु दुर्भाग्यवश आजतक उस पर अमल नहीं किया जा सका। उसके बाद देशवासियों से 2014 से पूर्व जहां प्रत्येक वर्ष दो करोड़ लोगों को रोज़गार देने,सभी के खातों में पंद्रह पंद्रह लाख रूपये डालने,डीज़ल,पेट्रोल व रसोई गैस की क़ीमतें कम करने,डॉलर के मुक़ाबले रूपये को सुदृढ़ करने,भयमुक्त समाज बनाने तथा मंहगाई दूर करने जैसे तमाम लोकलुभावन वादे किये गये थे वहीँ एक वादा देश को अपराधमुक्त किये जाने का भी किया गया था। ख़ास तौर पर 'राजनीति को अपराधमुक्त' किये जाने का वादा भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में भी किया था और 2014 के चुनाव पूर्व स्वयं नरेंद्र मोदी भी अपने कई चुनावी भाषणों में इसी तरह के वादे करते सुने गये थे। प्रधानमंत्री बनने से पूर्व बिना भेदभाव के एक वर्ष के अंदर जिस संसद को अपराध मुक्त बनाने का वादा किया गया था वह सात वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो सका। 2014 में राजस्थान की एक चुनावी सभा में बड़ा ही आत्मविश्वास दिखाते हुए मोदी ने कहा था कि - 'आजकल यह चर्चा ज़ोरों पर है कि अपराधियों को राजनीति में घुसने से कैसे रोका जाए? मेरे पास एक इलाज है और मैंने भारतीय राजनीति को साफ़ करने का फ़ैसला कर लिया है। मैं इस बात को लेकर आशान्वित हूं कि हमारे शासन के पांच सालों बाद पूरी व्यवस्था साफ़ -सुथरी हो जाएगी और सभी अपराधी जेल में होंगे। मैं वादा करता हूं कि इसमें कोई भेदभाव नहीं होगा और मैं अपनी पार्टी के दोषियों को भी सज़ा दिलाने से नहीं हिचकूंगा.'। परन्तु यह आख़िर कैसा इत्तेफ़ाक़ था कि 2014 के ही लोकसभा चुनाव में भाजपा के 282 विजयी सांसदों में से 35प्रतिशत यानी 98 सांसदों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज थे। जबकि इन्हीं में से से 22 प्रतिशत सांसदों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। इतना ही नहीं बल्कि मोदी ने जिन 78 सांसदों को केंद्रीय मंत्री बनाया उसमें से 31 प्रतिशत के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज थे। और उनमें भी 18 प्रतिशत यानी 14 मंत्रियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे.

अब सवाल यह कि राजनीति को अपराध मुक्त बनाने के वादे का आख़िर क्या हुआ? वास्तव में राजनीति में अपराधियों की हो चुकी घुसपैठ कितनी भयावह रूप धारण कर चुकी है इसका अंदाज़ा कुछ दिनों पहले माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आपराधिक छवि वाले नेताओं के रिकॉर्ड का चुनाव में ख़ुलासा करने के अपने आदेश की अवमानना (कंटेम्प्ट) पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गयी तीखी टिप्पणी से लगाया जा सकता है। इस टिपण्णी में माननीय उच्चतम न्यायालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि - 'राजनीतिक व्यवस्था के अपराधीकरण का ख़तरा बढ़ता जा रहा है। इसकी शुद्धता के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को क़ानून निर्माता बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मगर हमारे हाथ बंधे हैं। हम सरकार के आरक्षित क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं कर सकते। हम केवल क़ानून बनाने वालों की अंतरात्मा से अपील कर सकते हैं।' सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी जहाँ सत्ता को आईना दिखाती है वहीँ यह टिप्पणी अदालत की सीमाओं के चलते उसकी 'बेबसी ' को भी दर्शाती है। परन्तु सत्ताधीशों की चिंता कुछ और ही है। वे देश को अपराधी पृष्ठभूमि रखने वाले नेताओं से अधिक 'बाबुओं' के हाथों में देश सौंपे जाने से भयभीत हैं। उन सरकारी बाबुओं से जिनको पढाई के कठिन परिश्रम के बाद बेहद सख़्त स्तर की प्राथमिक परीक्षा मुख्य परीक्षा तथा कठोरतम साक्षात्कार से गुज़रने व इसे क्वालिफ़ाई करने के बावजूद 'पुलिसिया चरित्र प्रमाण पत्र ' का मोहताज होना पड़ता है। 'बाबू ' जिस इलाक़ेका रहने वाला है वहां की पुलिस चौकी से 'बाबू ' के चरित्र व उसके आपराधिक रिकॉर्ड की संपूर्ण जानकारी मांगी जाती है। यदि इत्तेफ़ाक़ से उसपर किसी तरह का कोई मामला थाने चौकी में दर्ज है तो उसकी 'बाबूगीरी ' की नौकरी ख़तरे में पड़ सकती है । परन्तु हमारे देश के माननीय चाहे जितने और चाहे जितने गंभीर अपराधों में मुजरिम क्यों न हों,परन्तु वे चुनाव भी लड़ सकते हैं,जीत भी सकते हैं,मंत्री भी बन सकते हैं और जिस पुलिस विभाग के सिपाही को देखकर कभी बिलों में छुप जाया करते थे उसी विभाग के बड़े से बड़े अधिकारी के सामने अपनी मूंछे भी ऐंठ सकते हैं और उसे इन अपराधियों को सैल्यूट मारने के लिये भी बाध्य होना पड़ता है।

मौसम बदला बुखार से जरा बचके

मौसम बदल रहा है कभी ठंडा कभी गर्मी के एहसास के चलते हम बीमार पड़ रहे है इस मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी ला रहे है, जिनमें बुखार बड़ा कॉमन है। डेंगू के मामले भी बढ़ रहे हैं।

क्या है बुखार

जब हमारे शरीर पर कोई बैक्टीरिया या वायरस हमला करता है तो शरीर अपने आप ही उसे मारने की कोशिश करता है। इसी मकसद से शरीर जब अपना टेम्प्रेचर बढ़ाता है तो उसे बुखार कहा जाता है। अगर शरीर का तापमान सुबह के समय 99 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा और शाम के वक्त 99.9 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा है, तो बुखार माना जाता है। अब 98.4 नॉर्मल टेम्प्रेचर का कॉन्सेप्ट बदल चुका है। मलेरिया और डेंगू में बुखार 101 से लेकर 103 डिग्री फारनहाइट तक पहुंच जाता है, जबकि वायरल में बुखार की रेंज को बता पाना काफी मुश्किल होता है।

खुद क्या करें

बुखार अगर 102 डिग्री तक है और कोई और खतरनाक लक्षण नहीं हैं तो मरीज की देखभाल घर पर ही कर सकते हैं। इसमें तीन चार दिन तक इंतजार कर सकते हैं। मरीज के शरीर पर सामान्य पानी की पट्टियां रखें। पट्टियां तब तक रखें, जब तक शरीर का तापमान कम न हो जाए। अगर इससे ज्यादा तापमान है तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं। मरीज को एसी में रख सकते हैं, तो बहुत अच्छा है, नहीं तो पंखे में रखें। कई लोग बुखार होने पर चादर ओढ़कर लेट जाते हैं और सोचते हैं कि पसीना आने से बुखार कम हो जाएगा, लेकिन इस तरह चादर ओढ़कर लेटना सही नहीं है। साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। मरीज को वायरल है, तो उससे थोड़ी दूरी बनाए रखें और उसके द्वारा इस्तेमाल की गई चीजें इस्तेमाल न करें। मरीज को पूरा आराम करने दें, खासकर तेज बुखार में। आराम भी बुखार में इलाज का काम करता है। मरीज छींकने से पहले नाक और मुंह पर रुमाल रखें। इससे वायरल होने पर दूसरों में फैलेगा नहीं।

बरतें ऐहतियात

ठंडा पानी न पीएं, मैदा और बासी खाना न खाएं। खाने में हल्दी, अजवाइन, अदरक, हींग का ज्यादा-से-ज्यादा इस्तेमाल करें। इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियां, अरबी, फूलगोभी न खाएं। हल्का खाना खाएं, जो आसानी से पच सके। पूरी नींद लें। मिर्च मसाले और तला हुआ खाना न खाएं, भूख से कम खाएं, पेट भर न खाएं। खूब पानी पीएं। छाछ, नारियल पानी, नीबू पानी आदि खूब पिएं। नाक के अंदर की तरफ सरसों का तेल लगाकर रखें। इससे तेल की चिकनाहट बाहर से बैक्टीरिया को नाक के अंदर जाने से रोकती है। खाने में हल्दी का इस्तेमाल ज्यादा करें। सुबह आधा चम्मच हल्दी पानी के साथ या रात को आधा चम्मच हल्दी एक गिलास दूध के साथ लें। लेकिन अगर आपको नजला, जुकाम या कफ आदि है तो दूध न लें। तब आप हल्दी को पानी के साथ ले सकते हैं। 8-10 तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10 पत्तों को पौने गिलास पानी में उबालें, जब वह आधा रह जाए तब उस पानी को पीएं।

FEVERS

डेंगू कैसे और कब

डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। इन मच्छरों के शरीर पर चीते जैसी धारियां होती हैं। ये मच्छर दिन में, खासकर सुबह शरीर के निचले हिस्सों पैरों आदि पर काटते हैं। डेंगू बरसात के मौसम और उसके फौरन बाद के महीनों यानी जुलाई से अक्टूबर में सबसे ज्यादा फैलता है। काटे जाने के 3-5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं। शरीर में बीमारी पनपने की मियाद 3 से 10 दिनों की भी हो सकती है।

डेंगू के 3 रूप

- क्लासिकल (साधारण) डेंगू बुखार
- डेंगू हैमरेजिक बुखार
- डेंगू शॉक सिंड्रोम

इन तीनों में से दूसरे और तीसरे तरह का डेंगू सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। साधारण डेंगू बुखार अपने आप ठीक हो जाता है और इससे जान का खतरा नहीं होता लेकिन अगर किसी को डीएचएफ या डीएसएस है और उसका फौरन इलाज शुरू नहीं किया जाता तो जान जा सकती है। इसलिए यह पहचानना सबसे जरूरी है कि बुखार साधारण डेंगू है, डीएचएफ है या डीएसएस है।

डेंगू शॉक सिंड्रोम

इस बुखार में डीएचएफ के लक्षणों के साथ-साथ 'शॉक' की अवस्था के भी कुछ लक्षण दिखाई देते हैं।

जैसे- मरीज बहुत बेचैन हो जाता है और तेज बुखार के बावजूद उसकी स्किन ठंडी महसूस होती है। मरीज धीरे-धीरे होश खोने लगता है। मरीज की नाड़ी कभी तेज और कभी धीरे चलने लगती है। उसका ब्लडप्रेशर एकदम लो हो जाता है।

बुखार कब जानलेवा

सभी बुखार जानलेवा या बहुत खतरनाक नहीं होते, लेकिन अगर डेंगू में हैमरेजिक बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम हो जाए, मलेरिया दिमाग को चढ़ जाए, टायफायड का सही इलाज न हो, प्रेग्नेंसी में वायरल हेपटाइटिस या मेंनिंजाइटिस हो जाए तो खतरनाक साबित हो सकते हैं। बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है इसलिए बीमारी उन्हें जल्दी जकड़ लेती है। ऐसे में उनकी बीमारी को नजरअंदाज न करें। खुले में ज्यादा रहते हैं इसलिए इन्फेक्शन होने और मच्छरों से काटे जाने का खतरा उनमें ज्यादा होता है। बच्चों को घर से बाहर पूरे कपड़े और जूते पहनाकर भेजें। मच्छरों के मौसम में बच्चों को निकर व टी-शर्ट न पहनाएं। रात में मच्छर भगाने की क्रीम लगाएं। बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा हो, लगातार सोए जा रहा हो, बेचैन हो, उसे तेज बुखार हो, शरीर पर रैशेज हों, उलटी हो या इनमें से कोई भी लक्षण हो तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं।

लक्षण क्या-क्या साधारण डेंगू बुखार

ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार। -सिर, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द -आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, जो आंखों को दबाने या हिलाने से और बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा कमजोरी लगना, भूख न लगना और जी मिचलाना। गले में हल्का-सा दर्द होना। शरीर खासकर चेहरे, गर्दन और छाती पर, लाल-गुलाबी रंग के रैशेज। क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार करीब 5 से 7 दिन तक रहता है और मरीज ठीक हो जाता है। ज्यादातर मामलों में इसी किस्म का डेंगू बुखार होता है।

डेंगू हॅमरेजिक बुखार

नाक और मसूढ़ों से खून आना। शौच या उलटी में खून आना। स्किन पर गहरे नीले-काले रंग के छोटे या बड़े रैशेज पड़ जाना। साधारण डेंगू बुखार के लक्षणों के साथ ये लक्षण भी दिखाई दें तो वह डीएचएफ हो सकता है। ब्लड टेस्ट से इसका पता लग सकता है।

इलाज

अगर मरीज को साधारण डेंगू बुखार है तो उसका इलाज व देखभाल घर पर की जा सकती है। अगर बुखार 102 डिग्री फारनहाइट से ज्यादा है तो मरीज के शरीर पर पानी की पट्टियां रखें। सामान्य रूप से खाना देना जारी रखें। बुखार की हालत में शरीर को और ज्यादा खाने की जरूरत होती है। मरीज में DSS या DHF का एक भी लक्षण दिखाई दे तो उसे जल्दी-से-जल्दी डॉक्टर के पास ले जाएं। DSS और DHF बुखार में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं, जिससे शरीर के जरूरी हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। डेंगू बुखार के हर मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं होती, सिर्फ डेंगू हैमरेजिक और डेंगू शॉक सिंड्रोम बुखार में ही जरूरत पड़ने पर प्लेटलेट्स चढ़ाई जाती हैं। अगर सही समय पर इलाज शुरू कर दिया जाए तो DSS और DHF का पूरा इलाज मुमकिन है। इलाज कराने और हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद मरीज को थोड़ी कमजोरी रहती है, जो 10 दिन में ठीक हो जाती है। पूरी तरह स्वस्थ होने में मरीज को 10 दिन लगते हैं।

एलोपैथी में इलाज

इसकी दवाई लक्षण देखकर और प्लेटलेट्स का ब्लड टेस्ट कराने के बाद ही दी जाती है।

आयुर्वेद: आयुर्वेद में इसकी कोई पेटेंट दवा नहीं है, लेकिन डेंगू न हो, इसके लिए यह नुस्खा अपना सकते हैं। एक कप पानी में एक चम्मच गिलोय का रस (अगर इसकी डंडी मिलती है तो चार इंच की डंडी लें), दो काली मिर्च, तुलसी के पांच पत्ते और अदरक मिलाकर पानी में उबालकर काढ़ा बनाएं और 5 दिन तक लें। दिन में दो बार, सुबह नाश्ते के बाद और रात में डिनर से पहले लें।

कौन-से टेस्ट

अगर तेज बुखार हो, जॉइंट्स में तेज दर्द हो या शरीर पर रैशेज हों तो पहले दिन ही डेंगू का टेस्ट कराएं। लक्षण नहीं हैं, पर तेज बुखार है तो भी एक-दो दिन बाद फिजिशन के पास जाएं। शक होने पर डॉक्टर डेंगू की जांच कराएगा। डेंगू की जांच के लिए शुरुआत में एंटिजन ब्लड टेस्ट किया जाता है। इस टेस्ट में डेंगू शुरू में ज्यादा पॉजिटिव आता है, जबकि बाद में धीरे-धीरे पॉजिटिविटी कम होने लगती है। अगर तीन-चार दिन के बाद टेस्ट कराते हैं तो एंटिबॉडी टेस्ट (डेंगू सिरॉलजी) कराना बेहतर है। डेंगू की जांच कराते हुए वाइट ब्लड सेल्स का टोटल काउंट और अलग-अलग काउंट करा लेना चाहिए। इस टेस्ट में प्लेटलेट्स की संख्या पता चल जाती है।

ताकि चलती रहे कामकाजी जिंदगी

हर समय घर-दफ्तर की भागदौड़ और इससे तालमेल बैठाने की कोशिश करते आप..मानो पूरा जीवन ही मशीनी हो गया है। पर यह मशीन लंबे समय तक साथ देती रहे, इसके लिए जरूरी है नियमित व्यायाम। वैसे ही जैसे आप दूसरे सब काम करते हैं। 15 मिनट का समय निकाल कर कौन से आसन जरूर करें। कामकाजी लोगों के पास समय की बड़ी कमी होती है। व्यायाम न कर पाने के सौ बहाने हमेशा तैयार रहते हैं। यूं भी सेहत के प्रति लापरवाह नजरिया हम भारतीयों में आसानी से देखने को मिलता है। सारा दिन कंप्यूटर, कुर्सी, टेबल, फोन तथा घर-ऑफिस के कामों में ही बीत जाता है। न चैन से भोजन करना, न चैन से सोना। यही कारण है कि अधिकांश युवा व कामकाजी वर्ग कम उम्र में ही उच्च व निम्न रक्तचाप, मधुमेह, मोटापे, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, उदर रोग, अपचन, वायु रोग, मानसिक तनाव, जोड़ों में दर्द तथा थकावट का शिकार हो रहा है। आधुनिक चिकित्सा के पास मनुष्य को संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन तथा पूर्ण कार्यक्षम बनाने की कोई दवा नहीं है। योग के निरंतर तथा नियमित अभ्यास से जरूर इसका समाधान संभव है। यहां कुछ आसान क्रियाएं दी जा रही हैं, जिनके लिए घर व ऑफिस में कुछ समय निकाल कर अपनी कामकाजी जिंदगी को दीर्घायु बना सकते हैं..

1. ऑफिस में कुर्सी पर बैठ कर करने वाली यौगिक क्रियाएं

2. घर/ ऑफिस में एकांत में की जाने वाली यौगिक क्रियाएं

ऑफिस में कुर्सी पर बैठ कर करने वाली यौगिक क्रियाएं

इन क्रियाओं को सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं कहते हैं। इन्हें आप ऑफिस की कुर्सी पर बैठे-बैठे कभी भी आसानी से कर सकते हैं। ये क्रियाएं गर्दन, हाथ, पैर तथा रीढ़ के लिए अलग-अलग होती हैं। इनके अभ्यास की विधि इस प्रकार है..

गर्दन की क्रियाएं: कुर्सी पर रीढ़, गर्दन व सिर को सीधा रख कर बैठ जाएं। दो गहरी सांस लें और छोड़ें। चेहरे को पांच बार दाएं और बाएं कंधे की ओर ले जाएं। इसके बाद पांच बार आगे व पीछे की ओर सिर झुकाएं। अंत में सिर को पांच बार घड़ी की सुई की दिशा में तथा इतनी ही बार विपरीत दिशा में घुमाएं। सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की स्थिति में सिर को आगे की ओर झुकाना तथा वृत्ताकार घुमाना मना होता है।

लाभ: ऐसा करते रहने से सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस होने के खतरे से बच सकता है। **हाथ की क्रियाएं:** कुर्सी पर रीढ़, गर्दन व सिर को सीधा कर बैठें। दो गहरे सांस लें व छोड़ें। अब दाएं हाथ के कंधे को हल्का कड़ा करें, फिर ऊपरी बांह, निचली बांह, कलाई व हथेली को कड़ा करें। हाथ को 10 सेकेंड तक कड़ा रखें, फिर हथेली, कलाई, निचली व ऊपरी बांह तथा कंधे को क्रम से ढीला करें। यह क्रिया 5 बार करें। बाएं हाथ से दोहराएं। इससे शोल्डर फ्रीजिंग, कलाई व उंगलियों में दर्द की आशंका नहीं रहती। कंप्यूटर पर देर तक काम करने वालों के लिए यह अच्छी क्रिया है। **यौगिक श्वसन:** इसका अभ्यास उठते, बैठते, चलते-फिरते तथा लेटे हुए कभी भी किया जा सकता है। कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा रख कर बैठ जाएं। अब एक गहरी सांस लेकर पहले श्वास पेट में तथा उसके बाद सीने में भरें। श्वास निकालते समय पहले सीने को खाली करें। फिर पेट खाली करें। इसे 25 से 30 बार दोहराएं। **रीढ़ की क्रिया:** कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा रख कर बैठें। दो गहरी सांस लें व छोड़ें। अब दोनों हाथ की हथेलियों को सिर के पीछे रख कर धड़ को आगे, पीछे, दाएं व बाएं मोड़ें। यह क्रिया 5 बार दोहराएं। यह क्रिया रीढ़ की प्रत्येक वर्टिबा को सशक्त करती है।

पैर के लिए व्यायाम

कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। दो गहरी सांस लें व छोड़ें। इसके बाद दाएं पैर के क्रमशः नितंब, जांघ, पिंडली, एड़ी, पंजे तथा उंगलियों को हल्का, मध्यम तथा तीव्र कड़ा करें। इसके बाद उल्टी दिशा से उंगलियों से लेकर नितंब को धीरे-धीरे ढीला छोड़ दें। यह क्रिया 5 बार दोहराएं।

माइग्रेन: कैसे पाएं चैन...

क्या आपको अचानक सिर के किसी एक हिस्से में बेहद दर्द होता है, जो झकझोर के रख देता है? क्या इस कारण रोजमर्रा के कामों को करने में परेशानी होती है? ऐसा लगता है, मानो जब तक आराम न आ जाए, तब तक अंधेरे कमरे में लेटे रहें? दर्द के साथ चक्कर या उलटी की शिकायत भी होती है? यदि आपका जवाब हां हैं तो यह दर्द माइग्रेन हो सकता है। खुद से ही दर्द निवारक दवाओं द्वारा इसे रोकने से बेहतर है कि आप तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें। पिछले कुछ समय में किशोरों व युवाओं में इसके मामले तेजी से बढ़े हैं।

तेज रफ्तार जिंदगी व अस्वस्थ जीवनशैली के कारण आज सिरदर्द की समस्या आम हो गई है। लंबे समय तक चलने वाला सिरदर्द आगे चल कर माइग्रेन का रूप धारण कर लेता है। माइग्रेन का दर्द कुछ घंटे से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। पहले माना जाता था कि माइग्रेन मस्तिष्क की रक्त नलिकाओं के फैलने और सिकुड़ने के कारण होता है, लेकिन कई अनुसंधानों में यह बात सामने आई है कि माइग्रेन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गड़बड़ी के कारण होता है, जिससे न्यूरोट्रांसमीटर्स का संचरण प्रभावित होता है, विशेष रूप से सेरोटोनिन हार्मोन में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है।

महिलाएं हैं आसान शिकार

बचपन में सिरदर्द लड़कियों की तुलना में लड़कों को अधिक होता है, लेकिन किशोरावस्था में पहुंचते ही लड़कियों में सिरदर्द की समस्या लड़कों के मुकाबले ज्यादा होती है। महिलाओं में माइग्रेन की समस्या पुरुषों के मुकाबले तीन गुना ज्यादा होती है। उम्र के साथ यह समस्या बढ़ती जाती है। महिलाओं में पीरियड्स, गर्भावस्था और मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोन परिवर्तनों का माइग्रेन से सीधा संबंध है। गर्भनिरोधक दवाओं का सेवन भी माइग्रेन के खतरे को बढ़ा देता है।

सर्विकोजेनिक हेडेक: सर्विकोजेनिक हेडेक क्रॉनिक हेडेक का सबसे सामान्यकारण है। इसकी उत्पत्ति सर्वाइकल स्पाइन से होती है। यह केवल एक ओर होता है। बहुत कम मामलों में ही देखा जाता है कि यह मस्तिष्क की मध्य रेखा को पार करता है। गर्दन का पॉश्चर या गति ठीक नहीं रखने से यह और गंभीर हो जाता है। कम्प्यूटर पर काम करने वाले लोगों में यह अक्सर देखा जाता है। अगर कंप्यूटर की स्क्रीन अधिक ऊंची है, तब गर्दन को ऊंचा करके देखना पड़ता है, जिससे सिरदर्द हो जाता है। गंभीर सर्विकोजेनिक हेडेक में ऑपरेशन की आवश्यकता भी पड़ सकती है।

सर्विकल स्पॉन्डिलोसिस: यह उम्र से संबंधित समस्या है, जो गर्दन के जोड़ों को प्रभावित करती है। सर्विकल स्पॉन्डिलोसिस सर्विकल स्पाइन की उपस्थितियों और हड्डियों में टूट-फूट के कारण होता है। इसे नेक अर्थराइटिस भी कहते हैं। यह 90त्न उन लोगों में होता है, जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक होती है। यह गर्दन में लगी किसी चोट या आनुवंशिक कारणों से हो सकता है। इसके कारण सिरदर्द भी होता है।

माइग्रेन के प्रकार

माइग्रेन के दो प्रकार होते हैं, क्लासिकल और नॉन क्लासिकल। जब माइग्रेन का दर्द ऑरा यानी दृष्टि संबंधी गड़बड़ी के बाद शुरू होता है, तब इसे क्लासिकल माइग्रेन कहते हैं। क्लासिकल माइग्रेन में आमतौर पर सिरदर्द के 10-15 मिनट पहले ऑरा के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जब सिरदर्द बिना 'ऑरा' और दूसरे लक्षणों के साथ शुरू होता है, तब इसे नॉन क्लासिकल या सामान्य माइग्रेन कहते हैं। सामान्य माइग्रेन बच्चों और किशोरों में अधिक होता है। माइग्रेन के जो कुल मामले देखे जाते हैं, उनमें से 70 से 85 प्रतिशत सामान्य माइग्रेन और 15 से 30 प्रतिशत क्लासिकल माइग्रेन वाले होते हैं। छोटे बच्चों में माइग्रेन के दौरे शाम को पड़ते हैं।

माइग्रेन के ट्रिगर

वैसे माइग्रेन के वास्तविक कारणों का पता नहीं है, पर देखा जाता है कि माइग्रेन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता है। मनोवैज्ञानिक समस्याएं जैसे उत्तेजना और गहरा अवसाद या न्यूरॉटिक डिसऑर्डर जैसे पक्षाघात और मिरगी भी माइग्रेन के खतरे को बढ़ा देते हैं।

कुछ अन्य ट्रिगर भी निम्न हैं..

तनाव और नींद की कमी। हार्मोंस में बदलाव विशेषकर महिलाओं में। सामान्य खान-पान की शैली में बदलाव। शुगर का स्तर कम हो जाना। कैफीन और अल्कोहल का सेवन। मौसम में बदलाव। गर्भनिरोधक गोलियां और अस्थमा का उपचार। यात्रा करना। कुछ खाद्य पदार्थ जैसे चॉकलेट, मांस, नूडल्स, बीयर, रेड वाइन आदि। शारीरिक क्षमता से अधिक कार्य या एक्सरसाइज करना। पूरी नींद ना लेना या रात में देर तक जागना या बहुत ज्यादा सोना। डीहाइड्रेशन।

लक्षण

माइग्रेन के लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बदलते रहते हैं, बच्चों में यह सिर के अगले भाग और दोनों तरफ के हिस्सों को प्रभावित करता है। किशोरावस्था और प्रौढ़ावस्था में दर्द सिर के एक हिस्से को प्रभावित करता है। माइग्रेन के सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं.. तेज सिरदर्द के साथ चक्कर आना, जी मिचलाना, उल्टी होना या पेट दर्द। रोशनी और आवाजों के प्रति संवेदनशीलता। मस्तिष्क के एक भाग में धुक-धुक की आवाज के साथ तेज दर्द होना। ध्यान केंद्रित करने में समस्या होना। सोचने की क्षमता प्रभावित होना। कभी-कभी बोलते समय उपयुक्त शब्द की तलाश न कर पाना। त्वचा का पीला पड़ जाना। चक्कर आना। उल्टी होना या पेट दर्द।



29 को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी 'बीवी नंबर 1'

मुंबई। इन दिनों 80 और 90 के दशक की लोकप्रिय फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने का सिलसिला चल पड़ा है। इस लिस्ट में अब 'बीवी नंबर 1' का नाम भी जुड़ गया है। सलमान खान, करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'बीवी नंबर 1' साल 1999 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म 'बीवी नंबर 1' का निर्देशन डेविड धवन ने किया। यह फिल्म 29 नवंबर को सिनेमाघरों में फिर से लगने वाली है। गुरुवार को पूजा एंटरटेनमेंट के इंस्टाग्राम अकाउंट से इस फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। इसके साथ लिखा है, 'डेविड धवन की सबसे बड़ी मनोरंजक फिल्म को देखने के लिए तैयार हो जाइए। यह परदे पर फिर से लगने वाली है।

लाइफ Style

नयनतारा

हिंदू रीति रिवाज से की शादी

अभिनेत्री नयनतारा की बायोग्राफी फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। इस फिल्म में दिखाया गया कि कैसे नयनतारा ने ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया। नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री में नजर आने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री नयनतारा की बायोग्राफी फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। इस फिल्म में दिखाया गया कि कैसे नयनतारा ने ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया। नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री में नजर आने वाली हैं। नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हिट नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे अभिनेत्री ने ईसाई धर्म से धर्मांतरण के बाद विग्नेश शिवन के साथ हिंदू शैली में शादी करने का फैसला किया। नयनतारा ने ईसाई होने के बाद भी पति विग्नेश के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी की। नयनतारा ने बताया कि वे जन्म से ही ईसाई हैं। उनकी मां हमेशा उन्हें शादी के गाउन में देखना चाहती थीं, हालांकि मैं फिर हिंदू बन गई और मुझे हिंदू रीति रिवाजों से ही शादी करनी थी। अभिनेत्री ने इसके अलावा भी हिंदू रीति रिवाजों से शादी करने का फैसला लिया। अभिनेत्री नयनतारा का असली नाम डायना कुरियन है। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर नयनतारा कर लिया। साल 2011 में उन्होंने अपना धर्म बदल लिया था। वे पति विग्नेश शिवन के साथ तिरुपति मंदिर में शादी करना चाहती थीं।



हॉलीवुड मसाला

भारत आने का ढूंढती हैं बहाना...

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल पॉप सिंगर और ग्रैमी अवॉर्ड विनर दुआ लीपा ने शाहरुख खान के प्रति अपने प्यार का ऐलान किया है। दुआ लीपा का कहना है कि वह शाहरुख से प्यार करती हैं। वह जल्द ही मुंबई में अपने कॉन्सर्ट के लिए आने वाली हैं। दुआ लीपा ने यह भी कहा कि उनके दिल में भारत की एक खास जगह है। उन्हें यहां के लोगों और संस्कृति से प्यार है। दुआ लीपा ने कहा कि वह भारत आने के लिए बहाने ढूंढती रहती हैं। वहीं शाहरुख की बात करें, तो दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस हैं। हॉलीवुड सिलेब्रिटीज तक उनके दीवाने हैं।

द अप्रेंटिस पर बात करने से डर रहे हॉलीवुड कलाकार...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता सेबेस्टियन स्टेन ने इस वर्ष दो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया है, 'ए डिफरेंट मैन' और 'द अप्रेंटिस', जिनमें से दूसरी फिल्म में सेबेस्टियन ने राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका निभाई। अब इसे लेकर उन्होंने कई खुलासे किए हैं। सेबेस्टियन स्टेन का कहना है कि उनके साथी कलाकार उनकी विवादास्पद डोनाल्ड ट्रम्प फिल्म से कोई लेना-देना नहीं चाहते हैं और कम से कम सार्वजनिक रूप से तो बात बिल्कुल नहीं करना चाहते हैं। अभिनेता ने खुलासा किया है कि उन्हें वैरायटी पत्रिका की 'एक्टर्स ऑन एक्टर्स' सीरीज में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें दो कलाकारों को एक-दूसरे का साक्षात्कार लेने के लिए एक साथ जोड़ा जाता है, लेकिन सेबेस्टियन का कहना है कि यह उपस्थिति इसलिए नहीं हुई।

आराध्या के बर्थडे पर नहीं पहुंचे अभिषेक...

नई दिल्ली। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन 13 साल की हो गई हैं। 16 नवंबर को उनका बर्थडे था। आराध्या ने अपना बर्थडे मां ऐश्वर्या के साथ मनाया। सोशल मीडिया पर इस सेलिब्रेशन की फोटोज वायरल हैं। फोटोज शेयर करते हुए ऐश्वर्या ने लिखा- मेरी जिंदगी के दो प्यार पापा और मेरी डार्लिंग आराध्या हैप्पी बर्थडे। मेरे दिल, मेरी आत्मा...हमेशा के लिए। ऐश्वर्या ने जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें बच्चन फैमिली नजर नहीं आ रही है। ऐश्वर्या और आराध्या के अलावा एक्ट्रेस की मां ही सिर्फ दिख रही हैं। यहां तक कि अभिषेक बच्चन भी नजर नहीं आए। वहीं, अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में शेयर किया, 'जन्मदिन होते हैं... जन्मदिन बधाई के लिए मनाए जाते हैं... लेकिन भले ही आज कोई उल्लेख नहीं करता है।

फायरमैन के साहस की कहानी है 'अग्नि'

मुंबई। अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। फिल्म ओटीटी पर 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इस ट्रेलर में प्रतीक गांधी को एक फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में देखा जा सकता है, जो आग लगने पर अपनी टीम के साथ जाते हैं। वहीं, दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाता है। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं।.बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म का ट्रेलर बिल्डिंगों में लगी आग बुझाने वाले एक फायर ब्रिगेड कर्मचारी की कहानी है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक पुलिसवाला और फायर ब्रिगेड कर्मचारी दोस्त होकर भी कैसे एक दूसरे को लेकर बातें करते रहते हैं।

टीवी मसाला



इन टीवी स्टार्स ने मां-बाप की मर्जी से की शादी...

नई दिल्ली। टेलीविजन की दुनिया में सेलेब्स की शादियां उनके फैंस के लिए बड़ा इवेंट होता है। कई लोकप्रिय टीवी हस्तियों ने अपने परिवार के जरिए अरेंज मैरेज की और सदियों पुरानी प्रथा को अपनाया। श्रद्धा आर्या ने 2021 में राहुल नागल के साथ अरेंज मैरिज की थी। उनके परिवारों ने उन्हें एक साथ लाने में खास रोल प्ले किया, जिसके बाद उन्होंन शादी कर ली। करण पटेल की मुलाकात अंकिता भार्गव से उनके पिता ने करवाई थी। उनके परिवारों ने तुरंत शादी के उनके फैसले का समर्थन किया, जिसके बाद 2015 में शादी हुई। नेहा मर्दा ने पटना के बिजनेसमैन आयुष्मान अग्रवाल से अरेंज मैरिज किया। उनके परिवारों ने दोनों का मैच करवाया। नेहा अक्सर अपने पति के साथ फोटोज शेयर करती हैं। श्रद्धा मुसले की अपने पति दीपक तोमर से मुलाकात उनकी मां के जरिए हुई, जिन्होंने सारी व्यवस्था की। उन्होंने 2012 में शादी कर ली। जय सोनी की शादी पूजा शाह से उनके परिवारों ने तय की थी। 2013 में उनकी सगाई हुई और बाद में उन्होंने पारंपरिक तरीके से शादी कर ली। दोनों ने 2019 में अपनी बच्ची का स्वागत किया। दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया को पंकज भाटिया ने मिलवाया था। समय के साथ उनका रिश्ता आगे बढ़ा और उन्होंने 2016 में शादी कर ली। निकितिन धीर के पिता ने एक ऑडिशन के दौरान उन्हें कृतिका सेंगर से मिलवाया था। उन्हें प्यार हो गया और 2014 में उन्होंने शादी कर ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का रोल करने वाली दिशा वकानी ने 2015 में मयूर पाडिया के साथ अरेंज मैरिज की थी। उनके परिवारों ने उनका मैच करवाया।

गंदे बर्तन कहते हुए विवियन ने साधा करण वीर मेहरा पर निशाना...

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 18' में विवियन डीसेना और करण वीर मेहरा के बीच एक बार फिर जुबानी जंग छिड़ती नजर आई है। दोनों को एक-दूजे पर जमकर निशाना साधते देखा गया है। 'बिग बॉस 18; के प्रतियोगी विवियन डीसेना और करण वीर मेहरा के बीच जुबानी जंग कभी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक-दूसरे के प्रति अपनी नापसंदगी व्यक्त करने के बाद हालिया एपिसोड में दोनों घर के कर्तव्यों को लेकर आमने-सामने हो गए। करण वीर कहते हैं कि विवियन के साथ उनकी समस्या यह है कि उन्होंने नियम बनाया है कि 'टाइम गॉड' को घर के काम करने की अनुमति नहीं है।

प्रियंका ने नौ साल से नहीं दी कोई भी हिट फिल्म...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने नौ साल में एक भी हिट फिल्म नहीं दी है और पांच साल में बॉलीवुड में कोई फिल्म नहीं की है। इसके बावजूद, प्रियंका चोपड़ा जोनस सबसे ज्यादा फीस लेने वाली इंडियन एक्ट्रेस हैं और वे एक फिल्म के लिए 40 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। प्रियंका चोपड़ा की आखिरी हिट फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' थी, जिसमें रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। प्रियंका की आखिरी रिलीज फिल्म 'द स्काइ इज पिंक' थी, जिसमें फरहान अख्तर ने उनके साथ नजर आए थे। हालांकि, इन गैप्स का प्रियंका चोपड़ा की स्टारडम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। प्रियंका चोपड़ा न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस हैं, बल्कि वे सबसे अमीर भारतीय अभिनेत्रियों में से एक भी हैं, जिनकी नेटवर्थ लगभग 650 करोड़ रुपए है।

हीरो बनने का सपना लेकर आए प्रेमनाथ ऐसे बन बैठे खलनायक

नई दिल्ली। बहुमुखी प्रतिभा के मालिक प्रेमनाथ की पहचान हिंदी सिनेमा में एक बेहतरीन अभिनेता के तौर पर होती है। उनके खाते में 250 से भी ज्यादा फिल्में हैं। इनमें 'जॉनी मेरा नाम', 'धर्मात्मा', 'बरसात', 'कालीचरण', 'प्राण जाए पर वचन न जाए', 'बॉबी' और 'लोफर' जैसी फिल्मों में किए गए उनके अभिनय को सदियों तक नहीं भुलाया जा सकेगा। प्रेमनाथ की पकड़ सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कभी साहित्य का रस पीया तो कभी राजनीति में डंका पीटा। उनका व्यक्तित्व तो ऐसा था कि फिल्मों की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री मधुबाला भी उनके प्यार में दीवानी हो गई थीं।

आर्मी छोड़ मायानगरी भागे प्रेमनाथ : प्रेमनाथ का जन्म 21 नवंबर 1926 को पेशावर में हुआ था। प्रेमनाथ का पूरा नाम प्रेम नाथ मल्होत्रा था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत के जबलपुर, मध्य प्रदेश में आकर बस गया। प्रेम नाथ को बचपन से ही अभिनय से लगाव था और वे फिल्मों की दुनिया में ही अपना करियर बनाना चाहते थे। उनके पिता पुलिस अफसर थे, ऐसे में वे चाहते थे कि उनका बेटा भी देश की सेवा करे और इसके लिए उन्होंने बेटे को आर्मी में भर्ती करवा दिया था। पिता की बात मान प्रेमनाथ आर्मी की ट्रेनिंग तो लेने लगे, लेकिन उनका दिल अभिनय पर ही था। ऐसे में उन्होंने बंदूक खरीदने का बहाना कर पिता को खत लिखा और 100 रुपये मांगे, पिता ने भी पैसे भेजे, जिन्हें लेकर प्रेम नाथ मुंबई चले गए। वे पृथ्वीराज कपूर के बहुत बड़े प्रशंसक थे और उन्हें अक्सर खत लिख अभिनय करने का मौका मांगा करते थे।

ऐसे मिला फिल्मों में काम : मुंबई पहुंचकर वह पृथ्वीराज कपूर से मिले और उनसे खुद को अपना चेला बनाने की गुजारिश की और पृथ्वी थिएटर में भी काम मांगा, जिसके बाद पृथ्वीराज कपूर ने उन्हें थिएटर में दाखिला दे दिया, जहां उनकी दोस्ती राज कपूर से हुई और उनकी ये दोस्ती खूब रंग लाई। यूं तो प्रेम नाथ फिल्मों की दुनिया में हीरो बनने आए थे, लेकिन उनका ये सपना काम नहीं कर पाया, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में पहचान बतौर खलनायक मिली। दरअसल, हिंदी सिनेमा की पहली रंगीन फिल्मों में से एक 'अजित' से प्रेम नाथ ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन प्रेम नाथ अपने अभिनय से लोगों की नजर में आ गए। फिर प्रेमनाथ ने 'आग' और 'बरसात' जैसी फिल्मों में राज कपूर के साथ काम किया, जिसने उन्हें सफल बनाया।

फिल्म के सेट पर मिला प्यार : 1953 में फिल्म 'औरत' की शूटिंग के दौरान ही उन्हें अभिनेत्री बीना राय से प्यार हुआ और उन्हीं से शादी भी कर ली। एक ओर बिना कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रही थीं तो प्रेमनाथ बतौर हीरो खुद को सफल नहीं बना पाए। कुछ समय बाद फिल्मों से प्रेमनाथ ने ब्रेक लिया और संन्यासियों की तरह रहने लगे। हालांकि, कुछ साल बाद उन्होंने कमबैक किया और बतौर खलनायक अपनी जबर्दस्त पहचान बनाई। नकारात्मक किरदार निभा प्रेमनाथ इतने मशहूर हो गए कि उन्हें हीरो से ज्यादा फीस मिलने लगी और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, बल्कि अपना प्रोडक्शन हाउस भी खुला और कई फिल्मों का निर्माण भी किया।

कमलजीत और वहीदा की लव स्टोरी किसी फिल्मी किस्से से कम नहीं

'इनकम टैक्स भरना होगा', शादी के प्रपोजल पर वहीदा ने दिया था अजीबोगरीब जवाब

नई दिल्ली। वहीदा रहमान के पति कमलजीत भी फिल्मी गलियारों से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया। हालांकि, उन्हें असली पहचान 'सन ऑफ इंडिया' और 'शगुन' से मिली। व्यवसायिक जीवन के साथ-साथ कमलजीत अपने निजी जीवन को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे। उनकी और वहीदा रहमान की लव स्टोरी भी किसी फिल्मी किस्से से कम नहीं है। शादी के लिए वहीदा ने कमलजीत के सामने एक ऐसी शर्त रख दी थी, जिसे सुनकर वह हक्के बक्के रह गए थे।

प्रपोजल पर आया वहीदा का अजीबोगरीब जवाब

बात उस समय की है जब वहीदा रहमान कई फिल्मों में काम करके बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुकी थीं। इस दौरान उनका नाम गुरु दत्त के साथ भी जुड़ा। हालांकि, दोनों की राहें अलग होने के बाद अभिनेत्री की जिंदगी में कमलजीत की एंट्री हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद कमलजीत ने अभिनेत्री को शादी के लिए प्रपोज किया था। मजेदार बात यह है कि जब कमलजीत, वहीदा रहमान को प्रपोज करने आए तो अभिनेत्री ने हां या ना में जवाब देने के बजाय इनकम टैक्स की बात छेड़ दी। यह सुनकर कमलजीत दंग रह गए थे। हालांकि, वहीदा के इस बात को छेड़ने के पीछे भी एक वजह थी।

मन में चल रही थी रेस्तरां की योजना

दरअसल, कमलजीत ने एक दफा वहीदा से जिक्र किया था कि वह पेरिस में एक इंडियन रेस्तरां खोलना चाहते हैं। वहीदा ने भी रेस्तरां खोलने की इच्छा जाहिर की थी। इसके 10 दिन बाद कमजीत ने उन्हें फोन करके मिलने के लिए कहा। यह सुनकर वहीदा को लगा था कि वह रेस्तरां खोलने को लेकर उनसे चर्चा करने आ रहे हैं। उन्हीं लम्हों को याद करते हुए वहीदा ने सिमी गरेवाल को बताया था, 'मुझे लगा, हो सकता है कि वह मुझसे पूछने आ रहे हैं कि हमें साथ में काम करना चाहिए। फिर मैंने खुद से कहा कि मेरे पास तो पैसे नहीं है। मैं उनसे क्या कहूंगी। फिर मैंने उन्हें सच बताने की ठानी।'

प्यार के परिंदों को सलीम खान ने दी सही सलाह

हालांकि, वहीदा के घरवालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। रिपोर्ट्स की मानें तो वहीदा इन सब बातों से काफी ज्यादा परेशान हो गई थीं। तब मुश्किल की घड़ी में लेखक सलीम खान ने उनकी मदद की थी। दरअसल, वहीदा और सलीम उस समय पड़ोसी हुआ करते थे, साथ ही दोनों की काफी अच्छी दोस्ती भी थी। इस किस्से के बारे में खुद सलीम खान ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था। उन्होंने कहा था, 'दूसरे मजहब में जब उन्होंने शादी करने की सोची तब कई लोगों ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी। उनके घरवाले भी इस बात के लिए राजी नहीं थे। तब वह मेरे पास आईं क्योंकि वह मेरी सलाह पर काफी ज्यादा विश्वास करती थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सलीम खान ने उन्हें कहा कि वह सिर्फ अपनी दिल की सुनें। इसके बाद साल 1974 में कमलजीत और वहीदा रहमान ने शादी कर ली। वहीं, साल 2000 में बीमारी की वजह से कमलजीत का निधन हो गया। पति को खोने के बाद अभिनेत्री टूट गई थीं। हालांकि, उन्होंने समय के साथ खुद को संभाला और दोबारा एक्टिंग शुरू कर दी।

यश जौहर ने की कमजीत की पैरवी

वहीं, जब कमलजीत उनसे मिलने पहुंचे तो दोनों एक-दूजे के सामने सिर झुकाए बैठ गए। वहीदा खुद से बोल रही थीं कि उन्हें कमलजीत को सब सच बता देना चाहिए। अभिनेत्री ने उस पल को याद करते हुए कहा, 'अचानक उन्होंने कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहता हूं। क्या आप मुझसे शादी करेंगी? इस पर मैंने कहा कि मेरे पास बहुत सारी परेशानियां हैं। उन्होंने पूछा कि क्या परेशानी है?' इस पर मैंने कहा, 'मेरे पास पैसे नहीं है और मुझे इनकम टैक्स चुकाना पड़ेगा।' यह सुनकर कमलजीत को झटका लगा था। वहीं, अभिनेत्री ने शादी के प्रपोजल पर जवाब देने के लिए थोड़ा समय मांगा। इसी दौरान यश जौहर ने वहीदा को फोन कर कहा था कि उन्हें कमलजीत को हां बोलना पड़ेगा, क्योंकि वह पूरी तरह से उनके प्यार में है। उन्हें डर था कि कहीं कमलजीत घर की बालकनी से न कूद जाएं। यश के समझाने के बाद वहीदा ने कमलजीत को हां कर दी।

खबर संक्षेप

वस्तुओं के निर्यात को पीछे छोड़ देगा सेवा निर्यात

नई दिल्ली। भारत अपने निर्यात रुझान में बड़े बदलाव के लिए तैयार है और 2030 तक सेवा क्षेत्र का निर्यात वस्तु निर्यात से आगे निकलकर 618 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 2018-19 और 2023-24 के बीच, देश का माल निर्यात 5.8 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ा है, सेवा निर्यात की वृद्धि दर 10.5 प्रतिशत रही है।

बेलराइज आईपीओ से 2,150 करोड़ जुटाएगी

BELRISE INDUSTRIES

नई दिल्ली। स्वचालित कलपुर्जा विनिर्माता बेलराइज इंडस्ट्रीज ने आईपीओ के जरिये 2,150 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष मंगलवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, यह आईपीओ पूर्णतः नए शेयरों का निर्गम है, जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है।

एप्पल इंडिया का लाभ बीते वित्त वर्ष में 23 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। आईफोन विनिर्माता एप्पल इंडिया का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,745.7 करोड़ रुपये रहा है। कारोबार सूचना मंच टॉफलर ने कंपनी द्वारा दी गई नियामकीय सूचना को साझा किया है। जानकारी के अनुसार, एप्पल इंडिया का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 में 2,229.6 करोड़ रुपये रहा था।

गैर-विनियमित क्षेत्रों का कोयला आयात घटा

नई दिल्ली। चालू वर्ष की पहली छमाही (सितंबर) में गैर-विनियमित क्षेत्रों का कोयला आयात 9.83 प्रतिशत घटकर 6.32 करोड़ टन रह गया है। गैर-विनियमित क्षेत्रों का कोयता आयात पिछले साल समान अवधि में 7.02 करोड़ टन रहा था। कोयले का आयात 8.59 प्रतिशत घटकर 97.9 लाख टन रह गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1.07 करोड़ टन था।

कागज और पेपरबोर्ड का आयात 3.5 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चीन से आयात खेप में तेज वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में कागज और पेपरबोर्ड का आयात 3.5 प्रतिशत बढ़कर 9,92,000 टन हो गया है। भारतीय कागज निर्माता संघ ने यह जानकारी दी है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान चीन से कागज और पेपरबोर्ड का आयात 44 प्रतिशत बढ़ा है।

मोग्लिक्स ने खटीमा फाइबर्स का 80 करोड़ में किया अधिग्रहण

moglix

मुंबई। बिजनेस-टू-बिजनेस ई-कॉमर्स मंच मोग्लिक्स ने कागज बनाने वाली कंपनी खटीमा फाइबर्स का 80 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। मंच के उत्पाद खंड का विस्तार करने तथा वृद्धि में तेजी लाने में मदद मिलेगी। यह अधिग्रहण मोग्लिक्स की हाल ही में 12 से अधिक शहरों में नेक्स्ट डे डिलीवरी की शुरूआत से मेल खाता है जिसे जल्द ही बिजनेस-टू-बिजनेस खंड की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए 40 शहरों तक विस्तारित किया जाएगा।

इन फंड्स का लगा है अदाणी के शेयरों में भर-भरकर पैसा, कहीं आपका भी तो नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों ने गुरुवार को सामूहिक रूप से 2.2 लाख करोड़ रुपए की बाजार पूंजी का नुकसान झेला।

- म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने 31 अक्टूबर तक कुल 43,455 करोड़ रुपए का निवेश किया

यह गिरावट अमेरिकी अधिकारियों द्वारा अदाणी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत देने के आरोपों के बाद हुई। इस गिरावट से तो शेयरों में प्रत्यक्ष रूप से निवेशित लोगों को तो नुकसान हुआ ही है, साथ ही वे लोग भी घाटे में रहे हैं जो म्यूचुअल फंड के जरिए इन शेयरों में पैसा लगाए बैठे हैं। बता दें कि भारत में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने 31 अक्टूबर 2024 तक अदाणी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में कुल 43,455 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

अदाणी की कंपनियों ने गुरुवार को 2.2 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेला

एचडीएफसी मिड-कैप का एसीसी में 1041 करोड़ रु. का निवेश

एचडीएफसी मिड-कैप ऑपर्च्युनिटी फंड ने एसीसी में 1,041 करोड़ रुपए का निवेश किया, जो इसकी संपत्ति का 1.39 प्रतिशत है। क्वांट म्यूचुअल फंड की तीन स्कीमों ने अदाणी पावर में सबसे ज्यादा निवेश किया। क्वांट स्मॉल कैप फंड ने अदाणी एंटरप्राइजेज में 727.47 करोड़ रुपए की होल्डिंग्स दर्ज की। क्वांट इल्स टैक्स सेवर फंड 7.6% एक्सपोजर अदाणी पावर में है, जिसकी वैल्यू 835 करोड़ रुपये है। मिराई एसेट निफ्टी मेटल ईटीएफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी मेटल ईटीएफ का 10.58% निवेश अदाणी एंटरप्राइजेज में है।

अंबुजा सीमेंट में म्यूचुअल फंड की होल्डिंग्स

अंबुजा सीमेंट्स में म्यूचुअल फंड्स की होल्डिंग्स जुलाई 2024 के मुकाबले बढ़कर 10,689 करोड़ रुपए हो गई, जिसमें से 10,100 करोड़ रुपए सक्रिय फंड्स के माध्यम से निवेशित थे। अदाणी एंटरप्राइजेज में निवेश 7,291 करोड़ रुपए से बढ़कर 8,714 करोड़ रुपए हो गया। एसबीआई फोकस्ड इक्विटी फंड ने अदाणी पोर्ट्स में 1,059 करोड़ रुपए का निवेश किया, जो इसकी कुल संपत्ति का 3.03 प्रतिशत है।

म्यूचुअल फंड्स की होल्डिंग्स का विवरण

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन म्यूचुअल फंड्स के लिए सबसे बड़ा निवेश आकर्षण रहा, जहां 12,102 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। इसमें से 5,308 करोड़ रुपए सक्रिय इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में और बाकी पैसिव फंड्स (जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ) में थे।

सेबी ने परिपत्र में कहा, यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू होगा

सेबी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एक फीसदी की सुरक्षित जमा की अनिवार्यता को हटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को सार्वजनिक निर्गम से पहले शेयर बाजारों के पास अनिवार्य सुरक्षा जमा की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, ताकि जारीकर्ता कंपनियों के लिए कारोबार सुगमता को बेहतर किया जा सके।

सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इससे पहले, इक्विटी शेयरों का सार्वजनिक निर्गम शुरू करने वाली प्रत्येक कंपनी को शेयर बाजारों में निर्गम आकार के एक प्रतिशत के बराबर राशि जमा करनी होती थी। सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी को जमा राशि वापस कर दी जाती थी।

- कंपनियों के लिए कारोबार सुगमता को बेहतर किया जा सके
- निर्गम आकार के एक प्रतिशत के बराबर राशि जमा करनी होती थी
- सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी को जमा राशि वापस कर दी जाती थी

आईसीडीआर विनियम समाप्त किया गया

बाजार नियामक ने कहा, "कारोबारी सुगमता की सुविधा प्रदान करने के लिए जारीकर्ता कंपनी द्वारा आईपीओ के लिए उपलब्ध निर्गम आकार का एक प्रतिशत नामित शेयर बाजार में जमा करने की आवश्यकता... सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 (आईसीडीआर विनियम) को समाप्त कर दिया गया है।"

शिकायतों का समाधान करना होगा

इस कदम के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए नियामक ने कहा था कि सार्वजनिक निर्गम के लिए एक प्रतिशत सुरक्षा जमा की आवश्यकता इसलिए रखी गई थी, ताकि जारीकर्ता लेनदेन से संबंधित निवेशकों की आवेदन राशि की वापसी, प्रतिभूतियों का आवंटन और प्रमाणपत्रों का प्रेषण जैसी शिकायतों का समाधान कर सकें।

सुरक्षा जमा समाप्त करने की मांग की गई थी

फरवरी में सेबी ने एक परामर्श पत्र जारी किया था जिसमें प्रस्ताव दिया गया था कि सार्वजनिक या राइट्स इश्यू के लिए एक प्रतिशत सुरक्षा जमा की आवश्यकता को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष नियमों में किया संशोधन

बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) नियमों में संशोधन किया है। इसमें निवेशकों को किसी योजना में उनके योगदान के अनुपात में निवेश और आय के वितरण का अधिकार देने का निर्देश दिया गया है। सरल शब्दों में, एआईएफ योजना के तहत निवेश से जोखिम और पुरस्कार को योजना में निवेशकों के योगदान के अनुपात में साझा किया जाने की जरूरत होगी।

अधिसूचना 18 नवंबर को जारी की गई

इसका उद्देश्य एआईएफ के मामले में नियामक के इरादे को स्पष्ट करना है। साथ एआईएफ के निवेशकों के साथ निष्पक्ष और समान व्यवहार सुनिश्चित करना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 नवंबर को जारी एक अधिसूचना में कहा, "एआईएफ योजना में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए आय वितरण में, योगदान के अनुसार आनुपातिक अधिकार होंगे।"

निवेशकों के अधिकार सभी पहलुओं में समान होंगे

सेबी इस बारे में अगर कोई अलग व्यवस्था करता है, तो वह उससे अलग होगा। नियामक के अनुसार, एआईएफ की एक योजना के निवेशकों के अधिकार सभी पहलुओं में समान होंगे। यह उस स्थिति में लागू नहीं होगा जब योजना के अन्य निवेशकों के हितों को प्रभावित किए बिना चुनिंदा निवेशकों को अलग अधिकार की पेशकश की गयी है।

चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 423 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 423 अंक लुढ़क गया। उद्योगपति गौतम अदाणी पर रिश्वत देने और धोखाधड़ी के अमेरिका में आरोपों के बीच समूह की कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट आई।

इससे भी स्थानीय बाजार प्रभावित हुआ। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशियाई तथा यूरोप के शेयर बाजारों में कमजोर रुख से भी धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 422.59 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,155.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 775.65 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 168.60 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटकर 23,349.90 अंक पर बंद हुआ। "रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष में बढ़ते तनाव और परमाणु चिंता में वृद्धि के कारण घरेलू बाजार को नए दबाव का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, अमेरिका में अदाणी के ताजा मामले ने बाजार की परेशानियों को बढ़ा दिया है।

- निवेशकों के 5.27 लाख करोड़ रुपये डूबे

इन शेयरों में रही लाभ- हानि

अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी एनर्जी सोल्यूशंस, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी ग्रीन एनर्जी में करीब 23 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

निवेशकों को 5.27 लाख करोड़ रुपये की चपत

अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के बाद बाजार टूटने के साथ ही निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 5.27 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,27,767.57 करोड़ रुपये घटकर 4,25,38,908.01 करोड़ रुपये (5.04 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

दिल्ली का खान मार्केट सबसे महंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी स्थित खान मार्केट सबसे महंगे खुदरा स्थानों की वैश्विक सूची में 22वें स्थान पर है, जहां वार्षिक किराया 229 अमेरिकी डॉलर (19,000 रुपये से अधिक) प्रति वर्ग फुट है।

कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, इटली में मिलान का वाया मोंटे नेपोलियोन 2,047 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट के वार्षिक किराये के साथ विश्व का सबसे महंगा स्थान बन गया है। यह न्यूयॉर्क के अपर 5वें एवेन्यू (49वें से 60वें स्ट्रीट) से भी आगे निकल गया जहां किराया 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट है।

- यहां का वार्षिक किराया 19 हजार रुपए प्रति वर्ग फुट
- इटली में मिलान का वाया मोंटे विश्व का सबसे महंगा स्थान

ज्यूरिख के बान-होफस्ट्रैस का किराया 981 डॉलर प्रति वर्ग फुट : ज्यूरिख का बानहोफस्ट्रैस 981 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट, सिडनी का पिट स्ट्रीट मॉल 802 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट, सियोल का म्योंगदोंग 688 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट और विएना के कोहलमार्केट ने वार्षिक किराया 553 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट के साथ सूची में जगह बनाई।

इस्पात विनिर्माण क्षमता बढ़ाने 120 अरब डॉलर की जरूरत

नई दिल्ली। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि भारत को 2030 तक 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिए और 12 करोड़ टन इस्पात विनिर्माण क्षमता स्थापित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 120 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस्पात मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यदि इस्पात की मांग में वृद्धि जारी रही और क्षमता में वृद्धि नहीं हुई तो भारत भी इस्पात का शुद्ध आयातक बन सकता है। पौंड्रिक ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत की इस्पात क्षमता 18 करोड़ टन तक पहुंच गई है और इसे 30 करोड़ टन तक पहुंचाने के लिए 12 करोड़ टन की और जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें लगभग 12 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता होगी, जिसका अर्थ है लगभग 120 अरब डॉलर का निवेश, जो भारतीय मुद्रा में 10 लाख करोड़ रुपये बैठता है।

सोना में 1,400 रुपए का उछाल, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, बृहस्पतिवार को चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद के मुकाबले 1,400 रुपये बढ़कर 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष-शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, "भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग को फिर बढ़ा दिया है। साथ ही रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु जोखिमों पर नई चिंताएं भी पैदा हो गईं, जिससे सोने की कीमतों में उछाल आया।" त्रिवेदी ने कहा कि इस स्थिति के इर्द-गिर्द अनिश्चितता, सोने के लिए तेजी के रुझान को समर्थन दे रही है। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 19.80 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,695.40 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

- सोना बढ़कर 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

युद्ध संकट बढ़ने से सोने में तेजी लौटी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच संकट बढ़ने के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर लौटने से सोने में तेजी आई।एशियाई बाजार में चांदी भी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 31.53 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

अमेरिकी विनियामक गूगल का एकाधिकार तोड़ने के इच्छुक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी विनियामकों ने एक संघीय न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि गूगल को उसके सर्च इंजन के माध्यम से प्रतिस्पर्धा में दबदबा कायम रखने से रोका जाए।

इससे पहले एक अदालत ने कहा था कि गूगल ने पिछले एक दशक में गलत तरह से इस क्षेत्र में एकाधिकार स्थापित कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बुधवार रात दायर 23 पन्नों के दस्तावेज में गूगल के प्रस्तावित विघटन में ऐसे दंडों की मांग की गई है जिनमें गूगल के अग्रणी क्रोम वेब ब्राउजर की बिक्री करने और एंड्रॉइड पर अपने स्वयं के सर्च इंजन की वकालत करने से रोकने के लिए प्रतिबंध लगाना शामिल होगा।

न्याय विभाग के वकीलों ने दलील दी कि क्रोम की बिक्री 'इस महत्वपूर्ण खोजबीन के बिंदु पर गूगल के नियंत्रण को स्थायी रूप से समाप्त कर देगी और प्रतिद्वंद्वी विभिन्न सर्च इंजन को उस ब्राउजर तक पहुंच की क्षमता प्रदान करेगी जो कई उपयोगकर्ताओं के लिए इंटरनेट का प्रवेश द्वार है।' विनियामकों ने गूगल से एंड्रॉइड को बेचने की मांग करने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि न्यायाधीश को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अगर निगरानी समिति को कदाचार के सबूत मिलते रहे तो कंपनी को अब भी अपने इस स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम को बेचना पड़ सकता है।

जिस दंड की सिफारिश की गई है, उसका व्यापक दायरा इस बात को रेखांकित करता है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के तहत काम करने वाले विनियामकों का मानना है कि अगस्त में अमेरिकी जिला न्यायाधीश अमित मेहता द्वारा दिए गए फैसले के बाद गूगल को कितनी कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

- क्रोम बेचने के लिए बाध्य करना चाहते हैं
- एक दशक में गलत तरह से एकाधिकार स्थापित किया

कानूनी लड़ाई और लंबी खींच सकती है

यदि मेहता, सरकार की सिफारिशों को स्वीकार करते हैं, तो गूगल को अंतिम फैसले के छह महीने के भीतर अपने 16 साल पुराने क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन कंपनी निश्चित रूप से किसी भी सजा के खिलाफ अपील करेगी, जो संभावित रूप से चार साल से अधिक समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई को और लंबा खींच सकती है।

हुंडई मोटर चेन्नई कारखाने में ऊर्जा संयंत्र लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) तमिलनाडु में अपनी वाहन विनिर्माण इकाई में दो नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। एचएमआईएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह 2025 तक विनिर्माण परिचालन में 100 प्रतिशत नवीकरणीय बिजली का इस्तेमाल करने की कंपनी की नीति के अनुरूप है।

एचएमआईएल ने बयान में कहा कि कंपनी ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 75 मेगावाट सौर संयंत्र और 43 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से फोर्थ पार्टनर एनर्जी लिमिटेड (एफपीईएल) के साथ एक बिजली खरीद और शेयरधारक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि ये सुविधाएं समूह के खुद के इस्तेमाल के तहत संचालित होंगी, जिसमें इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, परिचालन और रखरखाव के लिए एक विशेष इकाई (एसपीवी) का गठन किया जाएगा।

HYUNDAI

- कंपनी 2025 तक विनिर्माण परिचालन में 100 फीसदी नवीकरणीय बिजली उपयोग करेगी

38 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

कंपनी ने कहा कि इस दीर्घकालिक समझौते से एचएमआईएल को 25 साल तक अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कंपनी ने कहा, "इस साझेदारी के तहत एचएमआईएल तमिलनाडु में इन अक्षय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 38 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।"

विदेशी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल कंट्रोलिंग स्टेक लेने योजना बना रही

बिकने जा रही भारत की सबसे बड़ी लगेज कंपनी वीआईपी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की सबसे मशहूर लगेज और ट्रैवल एक्सेसरीज बनाने वाली कंपनी वीआईपी इंडस्ट्रीज अब बिकने की कगार पर है। चर्चा में है एक बड़ा ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल इस कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक लेने की योजना बना रहा है। ये सौदा न केवल व्यापार जगत को हिला सकता है, बल्कि निवेशकों के लिए भी यह बड़ी खबर साबित हो सकती है।

ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल फिलहाल भारत की जानी-मानी कंपनी वीआईपी इंडस्ट्रीज में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदने की बातचीत कर रही है। यह चर्चा लगभग एक साल पहले शुरू हुई थी, जो एक बार फिर ज़ोर पकड़ चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, "एडवेंट इस डील में सबसे आगे है, लेकिन बातचीत अभी शुरुआती चरण में है, और अंतिम रूप में पहुंचना बाकी है।"

कंपनी को बेचने का सिलसिला पिछले एक साल से चल रहा

कैसी थी सितंबर की कमाई

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2024 के तिमाही आंकड़ों के अनुसार, वीआईपी इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,531.91 रुपए करोड़ है। इस आधार पर प्रमोटर की हिस्सेदारी की कीमत लगभग 3,379 रुपए करोड़ आंकी गई है।

सौदा 10 से 15 फीसदी अधिक प्रीमियम पर हो सकता है

सूत्र बताते हैं कि यह सौदा कंपनी के मौजूदा शेयर मूल्य 459.95 रुपए प्रति शेयर से 10-15 फीसदी अधिक प्रीमियम पर हो सकता है। एडवेंट इंटरनेशनल और वीआईपी इंडस्ट्रीज की सीईओ नीतु काशीरामका ने इस खबर पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं, कंपनी के चेयरमैन दिलीप पिरामल इस पर उपलब्ध नहीं थे।

प्रमोटर की हिस्सेदारी 51.74 प्रतिशत

वीआईपी इंडस्ट्रीज के प्रमोटर कंपनी में 51.74 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। उन्होंने अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने का फैसला लिया है। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, यह कदम संभावित रूप से ओपन ऑफर को ट्रिगर कर सकता है, जिससे अन्य शेयरधारकों को भी अपने शेयर बेचने का मौका मिलेगा।

लाओस में राजनाथ ने विश्व को दिया शांति का संदेश

बुद्ध के सिद्धांतों से निकलेगा युद्ध का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता को भारत ने सदैव दिया समर्थन

एजेंसी ▶▶ वियनतियाने

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा बैठक में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने सीमा विवाद, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों आसियान देशों को अहम संदेश दिए। राजनाथ ने कहा कि शांतिपूर्ण वार्ता के लिए सीमा विवाद सुलझाना भारत की प्रतिबद्धता रही है। इस दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा जटिल वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता रही है। सीमा विवाद, व्यापार समझौते जैसी वैश्विक चुनौतियों को लेकर हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है।

अमेरिका सहित तीन देशों के रक्षा मंत्रियों से की मुलाकात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाओस में आयोजित 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष किम योंग ह्यून, अमेरिकी समकक्ष लॉयड जे. ऑस्टिन-तृतीय और न्यूजीलैंड की समकक्ष जूडिथ कॉलिन्स से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान रक्षा मंत्री सिंह ने दक्षिण कोरियाई समकक्ष के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ भी बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा बैठक में राजनाथ सिंह ने न्यूजीलैंड की रक्षा मंत्री कॉलिन्स के साथ भी रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने रक्षा संबंधों को और बेहतर बनाने पर चर्चा की।

राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून से मुलाकात की

आसियान देशों की बैठक में भारत को मिला है न्योता

बता दें कि आसियान (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स) देशों की यह बैठक चीन के साथ उनके दक्षिण चीन सागर में जारी विवादों के बीच हो रही है। इसे लेकर आसियान में शामिल देश लाओस में चीन से सीधी बात कर रहे हैं। हालांकि, इस बैठक में आसियान के बाहर के जिन देशों को बुलाया गया है, उनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और जापान शामिल हैं। दक्षिण चीन सागर को लेकर आसियान में शामिल फिलीपींस के अलावा वियतनाम, मलयेशिया, ब्रुनेई के चीन से विवाद हैं।

एक दूसरे के विचारों का सम्मान करें

बिना नाम लिए चीन को संदेश देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का दीर्घकालिक हल तभी निकाला जा सकता है, जब देश एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है, इसलिए समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को और ज्यादा गहराई से अपनाया जाए।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन हो

दक्षिण चीन सागर के लिए प्रस्तावित आचार संहिता पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने के लिए नौवहन, उड़ान की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी आचार संहिता देखना चाहेगा, जिससे अलग-अलग देशों के हित पर उल्टा असर न पड़े। कोई भी आचार संहिता पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संहिता अंतराष्ट्रीय कानून खास तौर पर संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 का पालन करती हो।

खबर संक्षेप

बच्चों ने इंटरनेट देखा तो ढाई अरब रुपए जुर्माना

मेलबर्न। इंटरनेट मीडिया के गलत प्रभाव से बच्चों को बचाने के लिए गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में एक बिल पेश किया गया। यह बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया से प्रतिबंधित कर देगा। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने कहा कि अगर इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म छोटे बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने में विफल होंगे, तो उनपर 33 मिलियन डालर (2,787,498,714 रुपए) तक का जुर्माना लगेगा।

जुए की लत ने 14 लोगों को उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली। थाईलैंड की एक अदालत ने 36 वर्षीय महिला को मौत की सजा सुनाई। उसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक सीरियल किलर बताया जा रहा है। सारारत रंगसिवुथापोर्न को 14 दोस्तों को साइनाइड देकर मारने के आरोप में कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। उसने 2015 से लेकर अब तक 14 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसे अपनी सहेली की हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई।

कैरीकॉम लीडर्स ने पीएम मोदी का जताया आभार

ग्लोबल साउथ की आवाज बन कैरीबियाई देशों की समस्याओं को सामने लाया भारत

भारत ने विभिन्न क्षेत्रों के सतत विकास और समृद्धि में योगदान दिया

कैरीकॉम के अध्यक्ष मिशेल ने कहा कि मैं कैरीकॉम के सभी नागरिकों की ओर से ग्लोबल साउथ के आदर्शों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में भारत की सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका के लिए पीएम मोदी और भारत सरकार और महान लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

एजेंसी ▶▶ जॉर्जटाउन

कैरीबियाई समुदाय यानी कैरीकॉम के देशों के नेताओं ने ग्लोबल साउथ की आवाज बनने और कैरीबियाई देशों की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे में लाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। बुधवार को दूसरे भारत-कैरीकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान इसके जवाब में पीएम मोदी ने उन्हें निरंतर मदद और सहयोग का आश्वासन दिया। भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन पांच साल बाद हो रहा है और इन पांच सालों में दुनिया ने कई बदलाव देखे हैं। इस दौरान मानवजाति को कई बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिसने ग्लोबल साउथ के देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है। पीएम ने कहा कि भारत ने हमेशा कैरिकॉम के साथ मिलकर इन चुनौतियों का सामना करने की कोशिश की है।

- मोदी के नेतृत्व से कैरिकॉम देशों के साथ संबंध मजबूत

ग्लोबल साउथ को आगे बढ़ाने में भारत सक्रिय

कैरीकॉम के अध्यक्ष और ग्रेनेडा के पीएम डिकॉन मिशेल ने कहा कि मैं कैरीकॉम के सभी नागरिकों की ओर से ग्लोबल साउथ के आदर्शों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में भारत की सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका के लिए पीएम मोदी और भारत सरकार और महान लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हम अपने क्षेत्र के सतत विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। मोदी की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रति उनके समर्पण ने एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किया है।

भारत अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में एक प्रभावशाली आवाज

कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के मेजबान, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने पीएम मोदी से कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, भारत अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में एक प्रभावशाली आवाज बन गया है। आप ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में उभर रहे हैं। यह अवसर कैरीकॉम के नेताओं के लिए आपको और भारत के लोगों को आपके निस्वार्थ गुणों के लिए धन्यवाद देने का अवसर है।

भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया

मिशेल ने कहा कि पीएम मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व भारत और कैरिकॉम के बीच संबंधों को मजबूत करने में सहायक रहा है। उनके नेतृत्व ने न केवल भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि इसने हमारे क्षेत्र के साथ सहयोग के नए रास्ते भी खोले हैं और भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने का उल्लेख किया। मिशेल ने कहा कि कैरिकॉम देशों को सहयोग विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है, जिसमें व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और जलवायु लचीलापन शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक हमारे क्षेत्रों के सतत विकास और समृद्धि में योगदान देता है। कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, मानव संसाधन विकास और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत की विशेषज्ञता इस क्षेत्र की मदद कर सकती है।

भारत और गुयाना ने किए 10 समझौते

रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, फार्मा क्षेत्र में किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ जॉर्जटाउन

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत कैरेबियाई देश में अपना फार्मा निर्यात बढ़ाना चाहता है। इस दिशा में भारत वहां 'जन औषधि केंद्र' स्थापित करने की योजना भी बना रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और गुयाना दोनों देश वैश्विक संस्थानों के सुधार को लेकर अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के साथ कैरेबियन गार्डन सिटी जॉर्जटाउन में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

जन औषधि केंद्र स्थापित होंगे

पीएम मोदी ने कहा कि कि भारत कैरेबियाई देश में अपना फार्मा निर्यात बढ़ाएगा। इस दिशा में हम यहां 'जन औषधि केंद्र' स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। पीएम मोदी ने रक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत और गुयाना दोनों वैश्विक संस्थानों के सुधार की आवश्यकता पर सहमत हैं। अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए कई नई पहलों की पहचान की है।

भारत और गुयाना के संबंध ऐतिहासिक

अपने भव्य स्वागत को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति इरफान अली का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 56 वर्षों के बाद किसी भारतीय पीएम का गुयाना की यात्रा पर आना हमारे संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राष्ट्रपति इरफान अली का भारत के साथ एक विशेष और अटूट नाता है। पिछले वर्ष उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में प्रवासी भारतीय दिवस की शोभा बढ़ाई।

पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला

खैबर पख्तूनख्वा में 50 की मौत 20 घायल, राष्ट्रपति ने की निंदा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के संवेदनशील इलाके खैबर पख्तूनख्वा में एक आतंकी हमले में 50 लोगों की मौत हो गई है और 20 घायल हैं। मरने वालों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। बताया गया कि खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले के ओछट इलाके में यात्री वाहनों पर किया हुआ। जिन वाहनों पर हमला हुआ, वो एक काफिले का हिस्सा थे।

हमला करना कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य

यह काफिला पाराचिनार से पेशावर जा रहा था। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी है, जिस वजह से मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। कुर्रम में हुई इस आतंकी वारदात की पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कड़ी निंदा की है और मरने वालों के परिवारों के प्रति दुख जताया है। पीपीपी के मीडिया सेल द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में उनके हवाले से कहा गया कि निर्दोष यात्रियों पर हमला करना कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है।

पीएम नेतन्याहू की बढ़ी मुश्किलें

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने जारी किया अरेस्ट वारंट

एम्सटर्ड। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने साथ ही इजराइल के पूर्व रक्षा प्रमुख योव गैलेंट और हमास नेता इब्राहिम अल-मसरी के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने नेतन्याहू, गैलेंट और इब्राहिम अल-मसरी को कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी माना है। आईसीसी के अभियोक्ता करीम खान ने हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए हमलों और गाजा में इजराइली सैन्य प्रतिक्रिया से जुड़े कथित अपराधों के लिए गिरफ्तारी वारंट की मांग की थी। आईसीसी ने कहा कि इजराइल द्वारा न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार करना आवश्यक नहीं है।

आरोपी फैजान ने किया बड़ा खुलासा

शाहरुख ही नहीं, आर्यन खान भी थे निशाने पर, की थी रेकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाले रायपुर के वकील व आरोपी फैजान खान ने मुंबई पुलिस से पूछताछ में कई हैरतअंगेज खुलासे किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके निशाने पर शाहरुख खान अकेले नहीं थे, बल्कि उसके निशाने पर बेटा आर्यन खान भी था। इसके लिए बाकायदा उसने रेकी की थी। बता दें, मुंबई पुलिस फैजान को गिरफ्तार कर अपने साथ मुंबई लेकर गई थी, जहां पूछताछ में कई बड़े दावे और खुलासे किए हैं, जिसके बाद मुंबई पुलिस अभिनेता की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई है। पुलिस ने बताया कि खुलासे के बाद ऑनलाइन के जरिए शाहरुख खान और आर्यन खान के बारे में लंबी चौड़ी जानकारी जुटाने के बारे में पता चला है।

यासीन मामले में बोला सुप्रीम कोर्ट

आतंकी कसाब को भी मिला था निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यासीन मलिक से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान निष्पक्ष सुनवाई की जरूरत पर जोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आतंकवादी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सीबीआई द्वारा एक आदेश के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की है।

सीबीआई ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को 1989 में भारतीय वायुसेना के चार जवानों की हत्या से संबंधित मामले में जम्मू की एक अदालत में शारीरिक रूप से पेश करने के आदेश के खिलाफ अपील की थी। सीबीआई ने सुरक्षा का हवाला दिया था और यासीन मलिक को शारीरिक रूप से पेश करने के आदेश पर आपत्ति जताई थी।

गवाहों की सुरक्षा चिंता का विषय

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को बताया कि कश्मीरी अलगाववादी को सुनवाई के लिए दिल्ली की तिहाड़ जेल से जम्मू नहीं लाया जा सकता। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा भी चिंता का विषय है। इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि यासीन मलिक से क्रॉस एग्जामिनेशन करने के लिए जेल में एक अस्थायी कोर्ट रूम बनाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हमारे देश में अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। जेल में एक कोर्ट रूम बनाया जा सकता है और वहां यह किया जा सकता है।

मलिक मामूली आतंकी नहीं

तुषार मेहता ने दोहराया कि सीबीआई आतंकवाद के दोषी को जम्मू-कश्मीर में सुनवाई के लिए नहीं ले जाना चाहती है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यासीन मलिक मामूली आतंकवादी नहीं है और केंद्र उसके मामले में कानून के मुताबिक नहीं चल सकता। उन्होंने यासीन मलिक के पाकिस्तान की यात्रा और मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद से मुलाकात का भी हवाला दिया।

50 से अधिक देशों ने पर्यटन में जलवायु कार्रवाई पर बाकू घोषणा का किया समर्थन

भारत बोला- विकसित देशों के भारी उत्सर्जन से जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव

एजेंसी ▶▶ बाकू

अजरबैजान की राजधानी बाकू में पहली बार, पर्यटन को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के एक्शन एजेंडे में शामिल किया गया है, जिसमें 50 से अधिक सरकारों ने पर्यटन में उन्नत जलवायु कार्रवाई पर कॉप29 घोषणा का समर्थन किया है। कॉप प्रेसीडेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि ये पहल जलवायु परिवर्तन से निपटने और शहरी लचीलेपन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। कॉप29 प्रेसीडेंसी अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए स्थाई प्रथाओं को अपनाने में एक प्रमुख आर्थिक चालक, पर्यटन क्षेत्र का समर्थन करने पर केंद्रित है। यह पहली बार है कि कॉप प्रेसीडेंसी ने पर्यटन-केंद्रित विषयगत दिवस का आयोजन किया है, जबकि मल्टीसेक्टोरल एक्शन पाथवेज़ (मेप) घोषणापत्र में ऐसे शहर बनाने के लिए क्रॉस-सेक्टर सहयोग का आह्वान किया गया है जो लचीले और समावेशी हों तथा शहरी जलवायु रणनीतियों और समाधानों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

1 शहरी जलवायु रणनीति और समाधान पर हुई विस्तृत चर्चा

2 जलवायु अनुकूलन शहर के लिए क्रॉसर-सेक्टर सहयोग करें

पर्यटन आर्थिक वृद्धि विकास का प्रमुख चालक

कॉप29 के अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने कहा कि कॉप29 एक्शन एजेंडा में पर्यटन को शामिल करना, एक महत्वपूर्ण आर्थिक और पर्यावरण क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि पर्यटन आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है, जो करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आजीविका प्रदान करता है। हालांकि, यह क्षेत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देता है, पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव डालता है और खुद ही पर्यावरण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

विकसित देश वित्तीय प्रतिबद्धताएं पूरी करें

भारत ने अजरबैजान के बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन के लिए कॉप29 के उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय वार्ता के तहत जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में एक वक्तव्य दिया था। जिसमें कहा कि विकासशील देश जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बड़े पैमाने पर विकसित देशों के भारी उत्सर्जन के कारण भुगत रहे हैं, जिसके कारण विकासशील देशों के रूप में हमारे लिए, हमारे लोगों का जीवन-उनका अस्तित्व-और उनकी आजीविका दांव पर है। भारत ने विकसित देशों से विकासशील देशों की अनुकूलन वित्त आवश्यकताओं के संबंध में किए गए प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आह्वान किया। इन्हें पूरा करने से दुनिया भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित, अधिक टिकाऊ और समृद्ध पृथ्वी बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)